श्रावण मास, कृष्ण पक्ष 1 वर्ष, अंक 143, पृष्ठ 4, मूल्य 1.00

अखण्ड भारत सन्देश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज मंगलवार, 29 दिसम्बर, 2020

विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान संस्थान की एक अनुपम भेंट

किसानों से अब 30 दिसंबर को होगी बात

पांच चरण की बेनतीजा बैठक के बाद इस मुलाकात से हैं बड़ी उम्मीदें

कृषि सचिव संजय अग्रवाल ने अपने पत्र में किसान संगठनों के उठाए गए मुद्दों पर विस्तृत चर्चा करने की बात कही है। अग्रवाल ने कहा है कि सरकार साफ नियत और खुले मन से प्रासंगिक मुद्दों के तर्कपूर्ण समाधान के लिए प्रतिबद्ध है।

नई दिल्ली, राज्य ब्यूरो। कृषि सुधार कानूनों को रद करने की मांग पर अड़े किसान संगठनों ने सरकार की अगले दौर की वार्ता 30 दिसंबर को करने की हामी तो भर दी लेकिन मांग में कोई नरमी नहीं हैं। इसके साथ-साथ एमएसपी की गारंटी, पराली जलाने पर जुमार्ना न होने व बिजली अध्यादेश में बदलाव की मांग भी शामिल है। ऐसे में वार्ता कितनी सफल होगी यह कहना तो मुश्किल है, लेकिन फिलहाल सकारात्मक पहलू यह है कि 25 दिन के बाद फिर वार्ता की सूरत बनी है। सरकार की ओर से वार्ता में हिस्सा लेने के लिए 40 संगठनों के नेताओं को बुलावा भेजा गया है। इसके पहले किसान मोर्चा ने अपने कुछ मुद्दों के साथ 29 दिसंबर को वार्ता में आने का प्रस्ताव भेजा था।

कृषि सचिव संजय अग्रवाल ने अपने पत्र में किसान संगठनों के उठाए गए मुद्दों पर विस्तृत चर्चा करने की बात कही है। अग्रवाल ने कहा है कि सरकार साफ नियत और खुले मन से प्रासंगिक मुद्दों के तर्कपूर्ण समाधान के लिए प्रतिबद्ध है। इससे सकारात्मक नतीजे पर पहुंचने की उम्मीद जगी है। राजधानी दिल्ली के विज्ञान भवन में वार्ता 30 दिसंबर को दोपहर दो बजे से शुरू होगी। इसके पहले आखिरी वार्ता पांच दिसंबर को यहीं हुई थी, जिसमें किसान संगठनों के अड़ियल रख के चलते वार्ता में गतिरोध पैदा हो गया था।

किसान नेताओं ने इस पूरी वार्ता के दौरान सरकार से जवाब 'हां या ना' में मांगने लगे। उनकी जिद थी कि सरकार नए कृषि कानूनों को रद करे और न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की कानूनी गारंटी के लिए हां या ना में जवाब दे। किसान प्रतिनिधि इन मुद्दों पर चर्चा तक को राजी नहीं हुए। ताजा वार्ता प्रस्ताव में सरकार की ओर से स्पष्ट और खुले मन व साफ नीयत के साथ हिस्सा लेने की बात कही गई है।

किसान मोर्चा ने पिछली बार भी अपने प्रस्ताव में इसी तरह के संकेत दिए थे। सरकार के प्रस्ताव में किसान मोर्चा के पिछले पत्र का हवाला देते हुए कहा गया है कि आपके भेजे विवरण के संदर्भ में तीनों कानूनों और न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की खरीद व्यवस्था पर चर्चा की जाएगी। इसके साथ एनसीआर और आसपास के क्षेत्रों की वायु गुणवत्ता प्रबंधन के लिए जारी अध्यादेश-2020 और विद्युत संशोधन विधेयक-2020 में किसानों से संबंधित मुद्दों पर विस्तृत विचार-विमर्श भी किया जाएगा।

30 दिसंबर को सरकार की ओर से केंद्रीय मंत्री स्तरीय समिति इन मुद्दों पर समाधान के लिए वार्ता करेगी। दोनों पक्षों के बीच अब तक पांच दौर की वार्ता हो चुकी है। इसके बाद छठे चरण के लिए नौ दिसंबर को प्रस्तावित बैठक से पहले गृह मंत्री अमित शाह ने किसान नेताओं के साथ अनौपचारिक बातचीत की। उन्हीं के सुझाव पर अगले दिन सरकार की ओर से किसान संगठनों को उन मुद्दों की सूची भेजी गई, जिन्हें पिछली वाताओं में चिन्हित किया गया था। लेकिन उस प्रस्ताव को किसान संगठनों ने खारिज कर आंदोलन को तेज करने की घोषणा कर दी। 26 दिसंबर को सरकार को किसान मोर्चा ने पत्र भेजकर वार्ता की तिथि 29 दिसंबर तय करने को कहा, जिसे सरकार ने 30 दिसंबर कर दिया है। इसी दिन किसान मोर्चा ने सिघु बार्डर और टिकरी बार्डर से कुंडली-मानेसर-पलवल तक ट्रैक्टर मार्च का एलान कर रखा है।

कृषि सुधारों के जरिये सरकार ने किसानों की आमदनी को बढ़ाने के लिए नए कानून पारित कराए हैं। इसके विरोध में जहां एक ओर कुछ किसान संगठन आंदोलन का रास्ता अख्तियार किए हुए हैं, वहीं कुछ किसान संगठनों ने इसके पक्ष में आंदोलन शुरू करने की धमकी दी है। वे लगातार कृषि मंत्री नरेंद्र तोमर से मुलाकात कर अपनी बात रख रहे हैं। सरकार कानून विरोधी आंदोलन को विपक्षी दलों की कारस्तानी मान रही है। उसका आरोप है कि विपक्षी राजनीतिक दल अपना एजेंडा चलाने के लिए किसानों को गुमराह कर रहे हैं।

कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने सोमवार को एक समारोह में कहा कि नए कानूनों के खिलाफ किसानों के बीच सुनियोजित तरीके से झूठ की दीवार खड़ी की गई है। ऐसा लंबे समय तक नहीं चलेगा। प्रदर्शनकारी किसानों को जल्द सच्चाई का अहसास होगा और झूठ की दीवार जल्द गिरेगी। उन्होंने कहा कि कृषि सुधार के नए कानूनों को कृषि क्षेत्र का बेहतर भविष्य सोच कर लाया गया है। ये कानून गरीबों और लघु व सीमांत किसानों के लिए फायदेमंद साबित होंगे।

किसानों के लिए अगले माह दिल्ली में आंदोलन करेंगे अन्ना हजारे, अपने फैसले से केंद्र को कराया अवगत

सामाजिक कार्यकर्ता अन्ना हजारे ने चेतावनी दी है कि किसानों से जुड़ी उनकी मांगें यदि केंद्र सरकार ने अगले साल जनवरी के अंत तक नहीं मानी तो वह अनशन करेंगे जो उनका आखिरी आंदोलन होगा। उन्होंने कहा कि सरकार सिर्फ खोखले वादे कर रही है।

पुणे, प्रेट्र। सामाजिक कार्यकर्ता अन्ना हजारे ने कहा है कि किसानों से संबंधित उनकी मांगें यदि सरकार ने नहीं मानी तो वह जनवरी में नई दिल्ली में आंदोलन करेंगे। महाराष्ट्र के अहमदनगर जिले में अपने गांव रालेगण सिद्धी में जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा है कि उन्होंने अगले महीने से दिल्ली में आंदोलन करने के फैसले से केंद्र को अवगत करा दिया है। हालांकि विज्ञप्ति में आंदोलन शुरू किए जाने की तारीख का उल्लेख नहीं किया गया है।

उन्होंने कहा कि पिछले तीन वर्षों से वह किसानों के लिए अपनी आवाज उठा रहे हैं, लेकिन सरकार ने उन मसलों के समाधान के लिए कुछ नहीं किया। उन्होंने कहा कि किसानों से संबंधित मांगों को लेकर वह पहली बार 21 मार्च, 2018 को रामलीला मैदान में अनशन पर बैठे थे। उसके सातवें दिन तत्कालीन केंद्रीय कृषि राज्यमंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत तथा महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फड़नवीस मिलने आए थे। उस समय मांगें मानने का लिखित आश्वासन दिया गया था, लेकिन कभी पूरा नहीं किया गया।

इसी कारण 30 जनवरी, 2019 को रालेगण सिद्धी में अनशन पर बैठे और तब भी तत्कालीन केंद्रीय कृषि मंत्री राधामोहन सिंह, रक्षा राज्यमंत्री सुभाष भामरे और फड़नवीस ने लिखित आश्वासन दिया। वह भी पूरा नहीं किया गया। इसीलिए मैंने दिल्ली में एकबार फिर आंदोलन करने का फैसला किया है और इसके बारे में केंद्र को पत्र भेजा है। उन्होंने कहा, 'सरकार सिर्फ खोखले वादे कर रही है, इसलिए अब उसमें मेरा विश्वास नहीं बचा.. देखते हैं सरकार मेरी मांगों पर क्या कार्रवाई करती है। उन्होंने एक महीने का समय मांगा है, इसलिए मैंने उन्हें जनवरी अंत तक का समय दिया है। यदि मेरी मांगें नहीं मानी गईं तो मैं फिर से अनशन करूंगा। यह मेरा आखिरी आंदोलन होगा। 14 दिसंबर को अन्ना हजारे ने केंद्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर को पत्र लिखकर कहा था कि यदि एमएस स्वामीनाथन कमेटी की सिफारिशों को लागू करने तथा कृषि लागत और मूल्य आयोग (सीएसीपी) को स्वायत्तता देने जैसी उनकी मांगें नहीं मानी गईं तो वह अनशन करेंगे। उन्होंने किसान संगठनों द्वारा आठ दिसंबर को बुलाए गए भारत बंद के समर्थन में एक दिन का उपवास भी रखा था।

भाजपा के वरिष्ठ नेता तथा महाराष्ट्र विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष हरिभाऊ बागड़े ने हाल ही में अन्ना से मुलाकात कर केंद्र के तीन नए कृषि कानूनों के बारे में उन्हें बताया था।

इलाहाबाद हाई कोर्ट का आदेश- बालिग महिला को अपनी पसंद और शर्तों पर पति के साथ रहने का अधिकार



प्रयागराज, जेएनएन। इलाहाबाद हाई कोर्ट ने कहा है कि बालिग महिला को अपनी पसंद और शर्तों के आधार पर पति के साथ बिना किसी बाधा के जीने का अधिकार है। कोर्ट ने पति-पत्नी दोनों की सुरक्षा करने का आदेश दिया है। पति के खिलाफ अपहरण के आरोप में दर्ज एफआइआर को भी कोर्ट ने रद कर दिया है। उनके खिलाफ 27 सितंबर 2020 को एटा कोतवाली देहात पुलिस स्टेशन में एफआइआर दर्ज करायी गयी थी।

यह आदेश न्यायमूर्ति पंकज नकवी व न्यायमूर्ति विवेक अग्रवाल की खंडपीठ ने शिखा व अन्य की बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका पर दिया है। कोर्ट ने सीजेएम एटा और बाल कल्याण समिति (सीडब्ल्यूसी) के रवैये पर तीखी टिप्पणी करते हुए कहा कि इनके कार्य से कानूनी उपबंधों को समझने की क्षमता की कमी दिखायी दी।

हाई कोर्ट ने कहा कि किशोर न्याय अधिनियम-2015 की धारा-95 से स्पष्ट है कि यदि स्कूल का जन्म प्रमाणपत्र उपलब्ध है तो अन्य साक्ष्य द्वितीय माने जाएंगे। स्कूल प्रमाणपत्र में याची की जन्म तारीख चार अक्टूबर 1999 दर्ज है। ऐसे में वह बालिग है। इसके बावजूद सीजेएम एटा ने कानूनी उपबंधों के विपरीत याची की अभिरक्षा उसके माता-पिता को सौंप दी।

मामले के अनुसार एटा की शिखा ने सलमान उर्फ करन से अंतर धार्मिक विवाह किया है। लड़की के परिवार वालों ने अपहरण के आरोप में एफआइआर दर्ज करायी। पुलिस ने लड़की को कोर्ट में पेश किया। सीजेएम एटा ने पहले याची को बाल कल्याण समिति भेज दिया था। उसकी रिपोर्ट के बाद मजिस्ट्रेट ने उसके माता-पिता को सुपुर्द कर दिया।

याची के पति सलमान उर्फ करन ने इस अवैध निरुद्धि से मुक्ति दिलाने के लिए यह याचिका दायर की। कोर्ट ने मजिस्ट्रेट के आदेश को कानून के विपरीत करार दिया और कोर्ट में पेश याची ने कहा कि वह बालिग है, उसने सलमान से शादी की है और अपने पति के साथ रहना चाहती है जिस पर कोर्ट ने यह आदेश दिया है।

दिल्ली समेत उत्तर भारत के इन राज्यों में शीतलहर जारी, पंजाब, यूपी, बिहार में दर्ज घना कोहरा

दिल्ली समेत उत्तर भारत के इन राज्यों में शीतलहर जारी है। आज सुबह यूपी बिहार पंजाब हरियाणा समेत ज्यादातर राज्यों में घना कोहरा दर्ज किया गया है। वहीं हिमाचल प्रदेश जम्मू कश्मीर में बर्फबारी हो रही है। जानें अपने राज्य का मौसम का ताजा हाल।



नई दिल्ली, जेएनएन। साल 2020 के जाते-जाते ठंड भी बढ़ती जा रही है। दिल्ली, पंजाब, हरियाणा, यूपी सहित उत्तर भारत के ज्यादातर राज्यों में आज सुबह सर्द हवाओं के साथ-साथ कोहरा दर्ज किया गया है। इसके चलते लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। पिछले कई दिनों से मौसम में लगातार बदलाव हो रहा है। मौसम विभाग ने पहले ही उत्तर भारत के इन राज्यो में शीतलह चलने का अनुमान लगाया था। ज्यादातर राज्यों में न्यूनतम तापमान कम होता जा रहा है। मौसम विभाग की मानें तो 31 दिसंबर तक उत्तर भारत के ज्यादातर हिस्सों में 3-5 डिग्री तक की गिरावट दर्ज की जा सकती है।

राजधानी दिल्ली समेत पंजाब, हरियाणा के हिस्सों में देर रात बारिश के बाद ठंड का प्रकोप बढ़ गया है। पिछले 24 घंटों के दौरान पंजाब, हरियाणा और दिल्ली में न्यूनतम तापमान में 1-2 की गिरावट देखने को मिली है।मौसम विभाग के अधिकारियों ने सोमवार को बताया कि लुधियाना, पटियाला, बठिंडा, फरीदकोट, आदमपुर और हलवारा समेत कई स्थानों पर कोहरा छाए रहने से सुबह विजिबिलिटी भी कम हो गई है। ज्यादातर जगहों पर न्यूनतम तापमान सामान्य से नीचे रहने के कारण ठिठुरन बढ़ है। उधर, जम्मू कश्मीर और शिमला में बर्फबारी के चलते सड़के जाम हो गई। राजस्थान में न्यूनतम तापमान में 3-5 की गिरावट दर्ज की गई है। चूरू में 0.6 डिग्री तापमान पहुंच चुका है। जिसके चलते ठंड लगातार बढ़ रही है। मौसम विभाग ने यहां और अधिक ठंड बढ़ने का अलर्ट जारी किया है।

देश के उत्तरी राज्यों सहित कई क्षेत्रों में शीतलहर की स्थिति रही। दो जनवरी के बाद स्थिति सुधर सकती है। 29--31 दिसंबर के दौरान उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड, बंगाल और ओडिशा में कड़ाके की सर्दी का अनुमान है। उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली और राजस्थान में जबर्दस्त शीतलहर चलने की संभावना है। मौसम विभाग ने लोगों को इस दौरान सतर्कता बरतने की सलाह दी है।

उत्तराखंड में सोमवार को पहाड़ों पर हिमपात के साथ ही निचले इलाकों में बारिश हुई। बदरीनाथ, केदारनाथ, गंगोत्री और यमुनोत्री के साथ ही देहरादून के पास चकराता व मसूरी के आसपास के पहाड़ों पर भी बर्फबारी हुई है। मौसम में आए बदलाव से समूचा प्रदेश शीतलहर की चपेट में है। बर्फबारी के बाद मसूरी में पारा शून्य पर पहुंच गया, जबकि अल्मोड़ा और पिथौरागढ़ में यह शून्य के करीब रहा। केदारनाथ धाम में रविवार रात से आरंभ हुआ हिमपात का दौर समोवार सुबह तक जारी रहा। सोमवार दोपहर बाद चमोली के प्रसिद्ध पर्यटक स्थल औली में भी हल्की बर्फबारी शुरू हो गई। औली में पर्यटकों ने बर्फ की फुहारों का जमकर लुत्फ उठाया।

कोरोना वायरस संक्रमण की चेन तोड़ने के लिए उठाएं सभी जरूरी कदम : सीएम



लखनऊ [राज्य ब्यूरो]। कोरोना संक्रमण के अचानक फिर बढ़े खतरे को देखते हुए उत्तर प्रदेश की योगी सरकार लगातार व्यवस्थाओं को परखने में जुट गई है। इसका जायजा लेने के लिए ही नोडल अधिकारियों को जिलों में भेजकर रिपोर्ट मांगी गई है। इसके साथ ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने निर्देश दिया है कि कोरोना संक्रमण की चेन तोड़ने के लिए हर जरूरी कदम उठाया जाए।

राज्य में कोरोना वायरस संक्रमण की स्थिति और उसकी रोकथाम के लिए चल रहे प्रयासों की समीक्षा सोमवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने सरकारी आवास पर आयोजित बैठक में की। उन्होंने कहा कि कोरोना के नए स्ट्रेन को देखते हुए विशेष सतर्कता बरती जाए। जांच के लिए जरूरी उपकरणों की व्यवस्था सुनिश्चित कर लें। जांच पर जोर देते हुए कहा कि रैपिड एंटीजन टेस्ट की संख्या बढ़ाई जाए।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ में विशेष ध्यान देते हुए रिकवरी दर को बेहतर करने का निर्देश दिया। कहा कि इस संबंध में एक रणनीति तैयार कर जिले की उपचार व्यवस्था को मजबूत बनाया जाए। सीएम योगी ने मुख्यमंत्री आयोग्य मेलों की तैयारियों की भी जानकारी ली। कहा कि जल्द सभी तैयारियां पूरी कर ली जाएं। मेले के दौरान लोगों को कुपोषण के बारे में भी जागरूक किया जाए। साथ ही आमजन को कोविड-19 से बचाव के उपाय भी बताए जाएं। बैठक में चिकित्सा शिक्षा मंत्री सुरेश खन्ना, अपर मुख्य सचिव गृह अवनीश कुमार अवस्थी, पुलिस महानिदेशक हितेश चंद्र अवस्थी, अपर मुख्य सचिव वित्त संजीव मित्तल, अपर मुख्य सचिव मुख्यमंत्री एसपी गोयल, अपर मुख्य सचिव चिकित्सा शिक्षा डॉ. रजनीश दुबे सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

कोरोना वैक्सीन देने के लिए तैयारियां शुरू, गृह सचिव ने राज्यों को दिए निर्देश

नई दिल्ली, एजेंसियां। देश में कोरोना वायरस के खिलाफ जनवरी में टीकाकरण अभियान शुरू होने की उम्मीद है, लेकिन उससे पहले सोमवार को चार राज्यों के सात जिलों में इसका पूर्वाभ्यास किया गया। इसके तहत प्रत्येक राज्य में को-विन एप पर पहले से पंजीकृत इच्छित लाभार्थियों को एसएमएस भेजकर उन्हें टीका लगाने के समय और केंद्र के बारे में जानकारी दी गई। वहीं केंद्रीय गृह सचिव राज्य के मुख्य सचिवों को पत्र लिखकर कहा कि राज्य व केंद्र शासित प्रदेश अपने क्षेत्र के संबंधित अधिकारियों का पहचान, डेटाबेस, टीका वितरण, भंडारण, सुरक्षा, शिपमेंट और लाभार्थियों के टीकाकरण की तैयारी में स्वास्थ्य मंत्रालय का सहयोग करें।

आंध्र प्रदेश के कृष्णा जिले, गुजरात के राजकोट और गांधीनगर, पंजाब के लुधियाना और शहीद भगत सिंह नगर (नवांशहर) और असम के सोनितपुर और नलबारी जिलों में यह पूर्वाभ्यास किया गया। टीका वितरण समेत उसकी सभी प्रणालियों की जांच के लिए मंगलवार को भी अभियान जारी रहेगा। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के ने बताया कि वास्तविक टीकाकरण अभियान शुरू करने से पहले राज्यों में इसके लिए तैयार प्रणाली को परखने और उसकी किसी भी खामियों को दूर करने के लिए यह पूर्वाभ्यास किया गया। अधिकारियों के मुताबिक वैक्सीन वितरण पर नजर रखने के लिए तैयार किए गए ऑनलाइन प्लेटफॉर्म को-विन की कार्यक्षमता का आकलन किया गया। इसके अलावा सभी आवश्यक नियमों का पालन करते हुए टीकाकरण टीम के सदस्यों की तैनाती, कोल स्टोरेज की जांच, परिवहन व्यवस्था और अन्य तैयारियों का जायजा भी लिया गया।

गृह सचिव ने अपने पत्र में लिखा है कि देश में पिछले 2-3 महीने में एक्टिव मामले कम हुए हैं। इसके साथ ही स्थिति काफी आशावादी लग रही है। जो भी हो दुनिया में तेजी से बढ़ रहे नए मामले और ब्रिटेन में फैल रहे नए वायरस के प्रकार के चलते अधिक सावधानी और सतर्कता बरतने की जरूरत है। मुख्य गृह सचिव ने अपने पत्र में आगे लिखा है कि नए साल के जश्न और अभी जारी सर्दी के मौसम के चलते नए मामलों में बढ़ोतरी न हो इसे लेकर खासतौर पर निगरानी रखने की जरूरत है, यह दोनों ही परिस्थितियां वायरस के फैलने के लिए उपयोगी साबित हो सकती हैं। सचिव ने इस संबंध में राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को उचित कदम उठाने के निर्देश दिए हैं।

पत्र में आगे लिखा गया है कि भारत सरकार ने कोविड-19 वैक्सीन दिए जाने को लेकर तैयारियां शुरू कर दी हैं। वैक्सीन को लेकर बनाए गए समूह ने शुरूआती चरण में इस वैक्सीन को हेल्थकेयर वर्कर्स, फ्रंट लाइन वर्कर्स, 50 और उससे ज्यादा उम्र के लोग या फिर कई बीमारियों से पीड़ित 50 साल से कम उम्र के लोगों को ये वैक्सीन देने का सुझाव दिया है। पत्र में आगे कहा गया कि राज्य/केंद्र शासित प्रदेश प्रशासन को संबंधित अधिकारियों को पहचान करने और इस संबंध में डेटाबेस तैयार करने, टीका वितरण, भंडारण, सुरक्षा, शिपमेंट और लाभार्थियों के टीकाकरण की तैयारी में स्वास्थ्य मंत्रालय को सक्रिय समर्थन के लिए निर्देश दें।

सुप्रीम कोर्ट ने जारी किया नया रोस्टर शीतकालीन अवकाश के बाद होगा प्रभावी

नई दिल्ली, प्रेट्र। सुप्रीम कोर्ट ने विभिन्न पीठ के समक्ष मुकदमे सूचीबद्ध करने के लिए सोमवार को नया रोस्टर जारी किया। यह रोस्टर शीतकालीन अवकाश के बाद चार जनवरी से प्रभावी होगा। नए रोस्टर के मुताबिक, प्रधान न्यायाधीश (सीजेआइ) एसए बोबडे और सात वरिष्ठ न्यायाधीश जनहित याचिकाओं, पत्र याचिकाओं और सामाजिक न्याय संबंधी मामलों की सुनवाई करेंगे।

प्रधान न्यायाधीश के अलावा न्यायमूर्ति एनवी रमना, न्यायमूर्ति आरएफ नरीमन, न्यायमूर्ति यूयू ललित, न्यायमूर्ति एएम खानविलकर, न्यायमूर्ति डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति अशोक भूषण और न्यायमूर्ति एल नागेश्वर राव जनहित याचिकाओं, सामाजिक न्याय और केंद्र एवं राज्य से जुड़े मामलों की सुनवाई करेंगे। जनहित याचिकाओं के अलावा प्रधान न्यायाधीश अवमानना के मामलों, बंदी प्रत्यक्षीकरण, सामाजिक न्याय, प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष कर और चुनाव समेत अन्य मामलों की सुनवाई करेंगे। जस्टिस रमना मध्यस्थता, हजार्ना, धार्मिक एवं धर्मार्थ मामलों की सुनवाई करेंगे। जस्टिस नरीमन की अध्यक्षता वाली पीठ कंपनी कानून, परिवार कानून व बैंकिंग लेनदेन संबंधी मामलों की सुनवाई करेगी।

संक्षेप समाचार

धान क्रय केन्द्रों पर किया जा रहा परेशान, अन्नदाताओं में भारी जनाक्रोश

करमा। वर्तमान समय क्षेत्रो के अन्नदाता काफी मायूसी एवं आर्थिक तंगहाली में जीवन यापन करना पड़ रहा हैं इसकी प्रमुख वजह सब्जियों का कौड़ियों के भाव बिकना एवम विभिन्न क्रय केन्द्रों पर धान का न खरीदा जाना क्षेत्र कें विभिन्न गाँवों कें आजीविका का मुख्य साधन कृषि ही हैं । खेती कें बल पर ही उक्त गाँवों के लोग शादी विवाह से लेकर बच्चों के शिक्षा सभी व्यय का मुख्य स्त्रोत कृषि ही हैं महामारी के इस संकटकाल में अन्नदाता वर्ग काफी संकट में हैं। जिला न्यायालय प्रयागराज में क्राइम अधिवक्ता एवम युवा समाजसेवी शिव कुमार सिंह कें मुताबिक सरकार की नीतियाँ किसानों कें काफी कष्टकारी साबित हो रहीं हैं जनपद में निर्धारित विभिन्न क्रय केन्द्रों पर केवल दलाल एवम अधिकारियों कें मिलीभगत की वजह किसानों कें धान की तौलाई नही हो पा रहीं जिसकें वजह से किसानों सहित आम नागरिकों में भारी आक्रोश हैं साथ ही युवा समाजसेवी एडवोकेट शिव कुमार सिंह कें मुताबिक विभिन्न क्रय केन्द्रों पर मोटे किस्म के धान कों भी नही लिया जा रहा हैं साथ ही पतले किस्म के धान में भी अनेकों कमियाँ दिखाकर संबन्धित अधिकारियों कें मिलीभगत एवम प्रशासन कें लचर रवैये की वजह से लोगों में काफी गुस्सा हैं। युवा समाजसेवी एवम एडवोकेट श्री सिंह किसानों सहित छात्र आन्दोलनों कें माध्यम से युवाओं एवम किसानों कें अधिकारों की रक्षा में अपनें अमूल्य सहयोग कें लिए जानें जाते हैं।

एयरपोर्ट पर अब कतार में नहीं खड़े होंगे मुसाफिर

प्रयागराज। प्रयागराज एयरपोर्ट से फ्लाइट में यात्रा करने वालों को सामान्य औपचारिकता पूरी करने के लिए अब कतार में नहीं खड़ा होना पड़ेगा। एयरपोर्ट प्रशासन परिसर के अंदर यात्री काउंटरों की संख्या बढ़ाने जा रहा है। एयरपोर्ट लॉबी में यात्रियों के लिए अब 11 काउंटर होंगे। यात्रियों की सुविधा के लिए यहां तीन नए काउंटर बनाए जा रहे हैं। अभी आठ काउंटर से यात्री विमान यात्रा संबंधी औपचारिकताएं पूरी करते हैं। काउंटर कम होने से कभी-कभी यात्रियों को कतार में खड़ा होना पड़ता है। एयरपोर्ट के निदेशक अंचल प्रकाश ने बताया कि तीन काउंटर और बढ़ने से यात्रियों की परेशानी दूर होगी। निदेशक ने कहा कि एयरपोर्ट पर और भी सुविधाएं बढ़ाने पर विचार किया ।

इयरफोन लगाए ट्रेक्टर चालक की लापरवाही से गई युवक की जान, परिजनों में मचा कोहराम

तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने सड़क के किनारे खड़े युवक को टक्कर मारते हुए कुचल दिया जिससे उसकी मौके पर हुई दर्दनाक मौत

युवक की मौत के बाद शव के पास रोते बिलखते परिजन

जारी। कौंधियारा क्षेत्र के ढोढरी गांव के पास तेज रफ्तार ट्रैक्टर चालक की लापरवाही का खामियाजा एक युवक को जान देकर चुका ना पड़ा तेज रफ्तार ट्रैक्टर चालक ने सड़क के किनारे खड़े युवक को टक्कर मारते हुए कुचल दिया । जिससे युवक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। मिली जानकारी के नुसार घटना कौंधियारा थाना क्षेत्र के अंतर्गत ढोढरी गांव के पास की हैं।

जहां पर गिट्टी लादकर सेहरा की तरफ आ रहा तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने सड़क के किनारे खड़े रवि नाथ पुत्र राम भंवरी उम्र 38 वर्ष निवासी गोरी सरा थाना लालापुर को टक्कर मारते हुए कुचल दिया जिससे रविनाथ की मौके पर ही मौत हो गई दुर्घटना के बाद ट्रैक्टर चालक ट्रैक्टर छोड़कर के बदहवास भागने लगा। जिसे ग्रामीणों ने दौड़ाकर पकड़ना चाहे लेकिन ट्रेक्टर चालक मौके से भागने में सफल रहा। वही ग्रामीणों ने ट्रैक्टर को पकड़कर कौंधियारा पुलिस के हवाले किया। घटनास्थल पर पहुंची कौंधियारा पुलिस के द्वारा मृतक युवक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

मृतक रवि नाथ पुत्र राम बहोरी पैसे से राजगीर था जोकि विगत कई वर्षों से वह अपने बहनोई अभिमन्यु पुत्र महंगू के घर में ही रहता था। रवि नाथ की शादी 5 वर्ष पूर्व हुई थी लेकिन बच्चे एक भी नहीं थे भाई की मौत की खबर सुनने के बाद रवि नाथ की बहन कुसुम देवी अपने घर जोकनई रौहा से रोते बिलखते घटनास्थल पर पहुंची जहाँ पर वह भाई के शव से लिपट कर दहाड़े मारकर रोने लगी। वही मौके पर पहुंचे मृतक के पिता राम बहोरी व अन्य परिजनों का भी रो-रो के बुरा हाल था।

कांग्रेसियों व एनएसयूआइ ने प्रयागराज में निकाली पदयात्रा, पुलिस हिरासत में

प्रयागराज। कांग्रेस के 136वें स्थापना दिवस पर सोमवार को जिला एवं शहर कांग्रेस कमेटी के साथ स्टूडेंट्स यूनियन ऑफ इंडिया (एनएसयूआइ) की ओर से पदयात्रा का आयोजन किया गया। यह पदयात्रा शीर्ष नेतृत्व के निर्देश पर निकाली जानी थी। नेहरू-गांधी परिवार की जन्मस्थली आनंद भवन पर दोपहर 12 बजे मुट्ठी भर कांग्रेसी जुटे। इससे पहले भारी फोर्स भी तैनात कर दी गई।

वरिष्ठ कांग्रेस नेता और कांग्रेस वर्किंग कमेटी के (सीडब्ल्यूसी) के सदस्य प्रमोद तिवारी तकरीबन 12:30 बजे पहुंचे। उनके पहुंचते ही कांग्रेसियों ने सरकार विरोधी नारे लगाए। इसके बाद उन्होंने पदयात्रा को हरी झंडी दी और कार में सवार होकर वापस चले गए। इसके बाद कांग्रेसियों की टुकड़ी आगे बढ़ी। उनके साथ खुद एसपी सिटी और सीओ कर्नलगंज समेत फोर्स भी चल रही थी। कांग्रेसियों की टुकड़ी तकरीबन 100 मीटर चलकर आनंद भवन के मुख्य द्वार पर पहुंची थी। वहां पुलिस का वज्र वाहन भी खड़ा था। कांग्रेसी वाहन के करीब पहुंचे तो सीओ कर्नलगंज सत्येंद्र पी तिवारी ने वहीं पर रोक दिया। इस दौरान महानगर अध्यक्ष नफीस अनवर से पुलिस ने बातचीत कर समझाने का प्रयास किया। तभी पीछे चल रहे कांग्रेसी सड़क पर ही बैठ गए।

यहां पुलिस ने पहले कांग्रेसियों से सवाल किया कि गिरफ्तारी कौन-कौन देगा। कुछ कांग्रेसी फौरन वहां से खिसक लिए। आनंद भवन पर जुटे तमाम एनएसयूआइ से जुड़े छात्र भी छात्रसंघ भवन की तरफ कूच कर गए। इसके बाद पुलिस ने कांग्रेसियों की रजामंदी के बाद उन्हें वज्र वाहन में बैठाया गया। महिला कांग्रेसी भी खुद ही बस में जाकर बैठ गईं। आनंद भवन से पुलिस ने हिरासत में लिए गए सभी कांग्रेसियों को पुलिस लाइन भेज दिया। इस दौरान ट्रैफिक भी कुछ देर के लिए प्रभावित रहा। दोनों तरफ से वाहनों के आवागमन पर प्रतिबंध लगा दिया गया। जब नाटकीय ढंग से कांग्रेसियों को हिरासत में लेने की प्रक्रिया पूरी कर ली गई तो यातायात व्यवस्था फिर से बहाल हो सकी।

पदयात्रा निकाल रहे कांग्रेसियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

हंडिया। नेशनल कांग्रेस पार्टी का आज 136 वाँ स्थापना दिवस है। इस अवसर पर कांग्रेसियों ने संदेश रैली निकालकर स्थापना दिवस मनाया। संदेश रैली कांग्रेस के जिलाध्यक्ष रामकिशुन सिंह के पटेल के अगुवाई में निकाली गई।

रैली हंडिया स्थित कांग्रेस कार्यालय से लेकर भैरोपुर, तरगॉव जगुआ सोंधा और किशोरा से होते हुए पुनः कांग्रेस कार्यालय पर आनी थी लेकिन जैसे ही पदयात्रा कार्यालय से बाहर निकली हंडिया पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया। रैली के माध्यम से कांग्रेस के द्वारा देश हित में किए गए योगदान को जन जन तक पहुंचाने का प्रयास किया गया।

हण्डिया थाने में गिरफ्तारी के बाद बैठाये गये कांग्रेसी नेता व कार्यकर्ता

कांग्रेसी कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार करती पुलिस

कांग्रेस पार्टी के स्थापना दिवस पर कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने आज हंडिया कांग्रेस कार्यालय से सन्देश पदयात्रा निकालने की कोशिश की। लेकिन सुरक्षा में लगे पुलिसकर्मियों ने पदयात्रा को निकालने के पहले ही रोक दिया वह दौरान कांग्रेसी कार्यकर्ताओं के बीच नोकझोंक भी हुए। पुलिस ने बल प्रयोग करते हुए सभी कांग्रेसी कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार कर लिया। कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने कहा कि आज कांग्रेस पार्टी का स्थापना दिवस है उस मौके पर कांग्रेस के कार्यकर्ता संदेश पद यात्रा निकालकर लोगों को संदेश देना चाहते थे कि कांग्रेस पार्टी ने अपने कार्यकाल में किस तरीके से काम किया और आज बीजेपी सरकार इस सब को पूंजीपतियों के हाथों में बेच रही है लेकिन पुलिस ने पद यात्रा नहीं निकालने दिया और सभी लोगों को गिरफ्तार कर लिया।

इस मौके पर ओमप्रकाश तिवारी, रामकिशुन सिंह पटेल, महेश शुक्ला, प्रमोद पांडेय सहित सैकड़ों की संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

यदुवंशी क्रिकेट क्लब तिलकपुर में उद्घाटन करने पहुंचे समाजवादी पार्टी के एमएलसी बासुदेव यादव

हंडिया। हंडिया क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले गांव तिलकपुर में हर वर्ष की भांति इस बार भी यदुवंशी क्रिकेट क्लब तिलकपुर मैं मुख्य अतिथि के रुप में पहुंचे एमएलसी वासुदेव यादव ने फीता काटकर क्रिकेट का शुभारंभ किया वहीं पर खिलाड़ियों को खेलने के लिए उत्साह भी बढ़ाया। क्रिकेट खेल में उपस्थित डॉ विजय शंकर कनौजिया जिला कार्यकारणी सदस्य प्रयागराज, यूथ ब्रिगेड विधानसभा अध्यक्ष अमित यादव, राहुल यादव तमाम लोग उपस्थित रहे।

सेवा दिवस के रूप में जिलाध्यक्ष ने मनाया अटल विहारी की जयंती

अटल जी की जयंती बच्चों संग सेवा दिवस के रूप मे मनाना सच्ची श्रद्धांजलि : विभवनाथ भारती

जयंती पर अटल विहारी के चित्र पर माल्यार्पण कर नमन करते हुए

शंकरगढ़। भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर प्रयागराज जिले के अंतिम छोर के गांव नारीबारी क्षेत्र में जिलाध्यक्ष यमुनापार विभवनाथ भारती ने गांवों मे स्वच्छता एवं सेवा दिवस के रूप में छोटे-छोटे बच्चों संग मनाया।

प्राथमिक विद्यालय सतपुरा बूथ संख्या 286 अध्यक्ष विकास पाण्डेय व बूथ संख्या 287 अध्यक्ष पटिवार प्रदीप मिश्रा की अध्यक्षता में दोनों गांवों में कार्यक्रम आयोजित हुए। जिसके मुख्य अतिथि जिलाध्यक्ष यमुनापार विभव नाथ भारती रहे। साथ में जिला उपाध्यक्ष जय सिंह पटेल,जिला मीडिया प्रभारी दिलीप कुमार चतुवेर्दी व कार्यालय मंत्री मनोज गुप्ता के साथ सैकड़ों बच्चों के उपस्थिति में अटल बिहारी वाजपेई जी के चित्रों पर माल्यार्पण कर श्रष्दाजंलि अर्पित करते हुए राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया। जिलाध्यक्ष ने बच्चों महिलाओं ग्रामीणों को सम्बोधित करते हुए कहा कि हम सभी पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी जी के जयंती पर आप लोगों के बीच सेवा करके समस्याओं को सुनकर निराकरण कराने का प्रयास करेगें। जिलाध्यक्ष व कार्यकर्ताओं ने सैकड़ों बच्चों महिलाओं व ग्रामीणों को फल वितरण व कई सार्वजनिक स्थलो पर स्वच्छता व सफाई अभियान चलाया। विधालय के बच्ची पूजा पांडेय ने स्वागत गीत गाकर जिलाध्यक्ष के द्वारा पूछे प्रश्नो के उत्तर देकर विधालय के उत्तम शिक्षण की मिसाल प्रस्तुत की। जिलाध्यक्ष यमुनापार विभवनाथ भारती ने सुशासन दिवस को सेवा दिवस के रूप में मनाकर गावं गली का निरीक्षण भी किया। पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकताओं ने अटलजी के बताए मार्ग पर चलने का संकल्प भी लिया। इस अवसर पर जिला कार्यसमिति सदस्य प्रवीण सिंह पटेल, सुबोध जायसवाल, सुधाकर पाण्डेय, पंकज सिंह, तारा चंद्र पांडेय, रमाकांत पांडेय, पृथ्वीराज साहू, कृष्ण बहादुर सिंह, रूप नारायण मिश्र, ललित पांडेय, राममूर्ति साहू, सतीश पांडेय, धनंजय पांडेय आदि कार्यकर्ता भारी संख्या में बूथो पर उपस्थित रहे।

रासायनिक उर्वरा शक्ति कें बल पर लहलहा रहीं सब्जियों की फसल

करमा । यमुनापार के विभिन्न हिस्सों में अनेकों प्रकार की सब्जियाँ उगायी जाती हैं क्षेत्र कें ददरी, डभाव, नैपुरवा, बसवार, अमिली या इत्यादि क्षेत्रों सब्जी एवम गुलाब की खेती व्यापक पैमाने पर होती हैं । चाका ब्लाक कें किसान राम लगन पटेल नें इस बार बिना रासायनिक उर्वरा कें पत्ता गोभी की फसल उगायी हैं उन्होने पत्ता गोभी कों देशी खाद आशय गोबर एवम खरपतवार कें मिश्रण से युक्त खाद का प्रयोग अपने खेतों में कर रहें हैं और इसका उत्पादन भी काफी अच्छा हैं । किसान राम लगन कें मुताबिक रासायनिक उर्वरकों कें निरन्तर प्रयोग उत्पादन भले ही उम्मीद से अधिक हो किन्तु लगातार रासायनिक खाद कें प्रयोग से भूमि दिनोंदिन बंजर होते जा रहें हैं इसलिए सभी लोगों कों देशी खाद का प्रयोग करना चाहिए उक्त गाँवों में व्यापक पैमाने पर लोग पशुपालन भी करतें हैं जिससे व्यापक पर हर घरों गोबर आदि होते हैं जिसका प्रयोग लोग खेतों में उर्वरा शक्ति एवम उत्पादन में वृद्धि कें लिए करतें हैं स्थानीय किसानों कें मुताबिक देशी खाद कें प्रयोग से केवल उत्पादन ही नही अपितु जिन खेतों में इसका प्रयोग होता हैं उक्त खेतों की उर्वरा शक्ति कें साथ पैदा होनें वालें अन्न एवम सब्जियाँ भी स्वास्थ्य कें लिए लाभदायक होते हैं।

जगुआ सोंधा में खेला गया रोमांचक मैच शिक्षक बनाम नेता

क्रिकेट मैच खेलती शिक्षक बनाम नेता की टीम

हंडिया। हंडिया क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले जब वो 14 गांव में राष्ट्रीय युवा विकास मंच के तत्वाधान में आयोजित क्रिकेट महाकुंभ में आज एक बहुत ही रोमांचक मैच खेला गया जिसमें शिक्षक बनाम नेता की टीम ने मैच खेला।

राष्ट्र निर्माता क्रिकेट क्लब बनाम राष्ट्र प्रहरी क्रिकेट क्लब के बीच खेले गए इस मैच में राष्ट्र निमार्ता क्रिकेट क्लब ने टॉस जीतकर पहले बैटिंग करने का फैसला लिया और निर्धारित 12 ओवर में 7 विकेट के नुकसान पर 115 रन बनाए। शिक्षक टीम के टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने के फैसले को सही साबित करते हुए उनके बल्लेबाज चंद्रकांत और प्रकाश ने ताबड़तोड़ बल्लेबाज की और टीम को 100 रन के पार पहुंचा दिया।लक्ष्य का पीछा करने उतरी राष्ट्र प्रहरी ने 8 ओवर में ही 8 विकेट से इस मैच को जीत लिया। इस मैच में 24 गेंद पर 51 रन कि पारी खेलने वाले धवल त्रिपाठी जी को मैन ऑफ द मैच बने। इस अनोखे मैच में पूर्व विधायक हंडिया प्रशांत सिंह समाजवादी पार्टी, अजय पांडेय जिलाउपाध्यक्ष भाजपा सहित क्षेत्र के कई राजनेता मौजूद रहे उनके साथ हंडिया बीआरसी के शैक्षिक मौजूद रहे।

पोस्टमार्टम से दिलीप की हत्या का हुआ खुलासा, हत्या का मुकदमा दर्ज

मऊआइमा। बहन को उसके ससुराल पहुंचाने गया युवक वापस नहीं लौटा ।अलबत्ता उसका शव बरामद हुआ था। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद सिर में गंभीर चोटों के कारण हुई मौत का खुलासा होने पर मृतक युवक के पिता ने सोमवार को मऊआइमा थाने में अज्ञात बदमाशों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज करा दिया है। पुलिस हत्या का मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की सुरागरसी में जुट गई है।

मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम चक फैजुल्ला उर्फ भौंका निवासी छेदी लाल का पुत्र दिलीप 35 वर्ष 26 दिसम्बर शनिवार को दोपहर तीन बजे अपनी बहन गेना देवी को उसके ससुराल प्रतापगढ़ के थाना रानीगंज के ग्राम तीजापुर गया था साथ में अलग बाइक से उसका भतीजा राजेश कुमार यादव भी गया था। राजेश कुमार अपने मौसा के यहां रुक गया और दिलीप 35 वर्ष अपनी बहन को पहुंचा कर घर भौंका के लिए चल दिया। परन्तु दिलीप कुमार सारी रात घर नहीं आया । परिजन काफी चिंतित थे। 27 दिसम्बर रविवार को सुबह मोबाइल से सूचना मिली की मऊआइमा के ग्राम गमरहटा में दिलीप का शव नहर के पास सडक के निकट पडा हुआ है। तथा समीप उसकी बाइक भी पडी हुई है । दिलीप की मौत पर परिजनों में कोहराम मच गया सभी रोते बिलखते मौके पर पहुंच गए। सूचना पर बहरिया और मऊआइमा थाने की पुलिस भी पहुंच गई पहले दोनों थानों की पुलिस सीमा विवाद में उलझी हुई थी। बाद में आला अधिकारियों के निर्देश पर घटना मऊआइमा थाना सीमा पाए जाने पर मऊआइमा पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में सिर में गंभीर रूप से चोटों के कारण दिलीप कुमार की मौत स्पष्ट होने के बाद सोमवार को सुबह ग्रामीण मऊआइमा थाने का घेराव किए। तथा काफी मशक्कत के बाद मृतक दिलीप कुमार के पिता छेदी लाल पुत्र राजनाथ की तहरीर पर मऊआइमा पुलिस ने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज लिया। बताया गया है कि मृतक तीन भाईयों में सबसे बडा था। मृतक की तीन पुत्रियां हैं। सभी का रो रो कर बुरा हाल है। मऊआइमा इंस्पेक्टर राम केवल पटेल का कहना है कि अज्ञात बदमाशों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर सुरागरसी की जा रही। फिलहाल मृतक के पिता छेदी लाल का कहना है कि उससे किसी से कोई दुश्मनी नहीं है। दिलीप की हत्या किसने ने क्यों कि जब हत्यारे पकडे जाएगें तभी इस पर हत्या कांड से पर्दा उठेगा। मृतक दिलीप चाट की दुकान लगाता था। गांव में दिलीप कुमार की हत्या पर सभी आश्चर्य चकित हैं।

बदमाशों ने दिनदहाड़े महिला के गले से जंजीर लूटी

नैनी। कोतवाली क्षेत्र के पीडीए कॉलोनी स्थित एक गेस्ट हाउस के समीप सोमवार को दिनदहाड़े बाइक सवार बदमाशों ने महिला के गले में झपट्टा मारकर सोने की जंजीर छीन कर फरार हो गए। भुक्तभोगी महिला की तहरीर पर पुलिस ने मामले को दर्ज की है। जानकारी के मुताबिक नैनी कोतवाली क्षेत्र स्थित काजीपुर की रहने वाली आरती पांडेय सोमवार दोपहर तकरीबन 12:30 बजे विनोवा नगर स्थित एक डॉक्टर के यहां दांत का दवा लेने गई थी। वापसी के दौरान जैसे ही वह पी.डी.ए कॉलोनी के समीप एक गेस्ट हाउस के समीप पहुंची, तभी पीछे से बाइक सवार दो बदमाशों ने उसके गले में झपट्टा मारकर सोने की जंजीर छीन कर भाग गए। जब तक वह कुछ समझ पाती, तब तक बदमाश काफी दूर निकल गए। भुक्तभोगी महिला की तहरीर पर पुलिस ने नैनी कोतवाली में धारा 392 आईपीसी के तहत रिपोर्ट दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी।

लगातार बढ़ रही ठंड से राहगीर हलाकान, अलाव जलाने की मांग

कूड़ा करकट जलाकर आग तापते ग्रामीण

जारी। कौंधियारा क्षेत्र के जारी बाजार कस्बे में इन दिनों लगातार ठंड का मौसम बढ़ता चला जा रहा है। अधिक ठंड बढ़ने के बावजूद क्षेत्र में अलाव की व्यवस्था न होने से राहगीरों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

जैसा कि मालूम हो इन दिनों ठंड का मौसम बड़ी तेजी के साथ बढ़ता चला जा रहा है। शाम ढलते ही ठंड अपने पूरे शबाब पर पहुंच जाता है। ठंड से बचने के लिए कुछ जगहों पर लोग आग का सहारा ले रहे हैं। गर्म कपड़ों की खरीदारी बड़ी तेजी से की जा रही है। ठंड के चलते शाम होते ही लोग घरों के अंदर कैद हो जाते हैं। सड़कों पर आवाजाही कम हो जाती है। ठंड के चलते दुकानों पर सन्नाटा देखने को मिलता है। ठंड अधिक बढ़ने के बावजूद क्षेत्र में कहीं भी अलाव की व्यवस्था नहीं की गई है, जिसके चलते सड़कों पर आने जाने वाले राहगीरों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। अलाव की व्यवस्था न किए जाने से राहगीर संबंधित अधिकारियों को कोसने का काम कर रहे हैं।

क्षेत्रीय लोगों ने उच्चाधिकारियों का ध्यान इस तरफ आकर्षित कराते हुए क्षेत्र के सार्वजनिक एवं प्रमुख चौराहों पर अलाव जलाने की मांग की है।

संक्षेप समाचार

मानवता को बचाने में समाज कें सभी संपन्न लोग अपना बहुमूल्य योगदान प्रदान करें : सुरेंद्र केशरवानी

करमा । प्रतिभावान एवम सम्मानित लोगों कों सम्मानित करनें से क्षेत्र में शान्ति एवम विकास कें द्वार खुलते हैं यमुनापार की धरती सदैव शिक्षा, साहित्य, राजनीति एवम प्रतिभा कें क्षेत्र में काफी अग्रणी रहा हैं उक्त बातें समाजवादी पार्टी कें व्यापार महासभा कें अध्यक्ष सुरेंद्र कुमार केशरवानी नें रविवार कों गौहनिया में आयोजित एक कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि कें रूप में अपने विचार प्रकट कर रहें थे । इसी क्रम में कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि कें रूप पधारें युवा समाजसेवी मुकेश द्विवेदी नें कहा कि समाज कें विकास में शिक्षक एवम पत्रकार की भूमिका काफी महत्वपूर्ण एवम अविस्मरणीय होती हैं अतः सभी लोगों कों इन्हें सम्मान प्रदान करना चाहिए आगे युवा समाजसेवी श्री द्विवेदी यह भी बोलें कि वर्तमान में शीतलहर एवम कोरोना संक्रमण का दंश समाज झेल रहा हैं अतः समाज कें सभी संपन्न लोग मानवता कों बचाने की दिशा में अपना योगदान अवश्य प्रदान करें । इस अवसर पर आयोजक मंडल की तरह शिक्षक, पत्रकार, समाजसेवी एवम चिकित्सकों कों माल्यार्पण एवम प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

उप मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में माघ मेले की तैयारियों की समीक्षा बैठक सम्पन्न

मा0 उप मुख्यमंत्री ने मेले में आने वाले श्रद्धालु से एक सप्ताह के अंदर की कोविड-19 जांच रिपोर्ट साथ लाने को की अपील

मेला क्षेत्र में साफ-सफाई पर विशेष ध्यान दिये जाने के दिये निर्देश

माघ मेले की तैयारियों की समीक्षा करते उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य

प्रयागराज। मा0 उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने सोमवार को सर्किट हाउस में माघ मेले की तैयारियों की समीक्षा की। मा0 उप मुख्यमंत्री ने कहा कि जिन संस्थाओं को पूर्व में मेले में जमीन आवंटित की गयी है, अगर वह इस बार कोविड-19 के दृष्टिगत मेले में नहीं आते है, तो वे आश्वस्त रहे कि अगले वर्ष जब मेले का आयोजन होगा, तो उनको पूर्व की भांति जमीन का आवंटन किया जायेगा। उन्होंने कहा कि इस भ्रम में न रहे कि आपको आवंटित की जाने वाली जमीन आपसे वापस ले ली जायेगी। आपकी संस्थाओं का नाम सूची में पूर्व की भांति ही दर्ज रहेगा, जिस प्रकार पहले आप लोगो को मेला प्रशासन से जो सुविधायें मुहैया करायी जाती रही है, वे आगे भी मिलती रहेगी। मा0 उप मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि माघ मेला का आयोजन पूर्व में आयोजित मेलो की भांति ही दिव्य, भव्य एवं स्वच्छ रूप में आयोजित हो एवं सफाई का विशेष ध्यान रखा जाये। उन्होंने अरैल की तरफ से स्नान को आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए अरैल पर पीपा का पुल बनाये जाने के लिए कहा है एवं फाफामऊ के पुल पर जाम न लगने पाये एवं श्रद्धालुओं को कोई परेशानी न हो, इसके लिए भी फाफामऊ में पीपे का पुल बनाने के निर्देश दिये साथ ही अधिकारियों को यह निर्देश भी दिया कि अरैल एवं फाफामऊ के पीपे के पुलों का निर्माण कार्य समय से पूरा किया जाये। मा0 उप मुख्यमंत्री जी ने मेले की सभी तैयारियों को 05 जनवरी, 2021 तक पूर्ण करने के निर्देश दिये। साथ ही माघ मेले के दौरान पर्याप्त मात्रा में गंगा जल का प्रवाह बना रहे, इसके लिए पहले से ही तैयार रहने के लिए कहा है। उन्होंने कहा कि माघ मेला का आयोजन प्रयागराज की गरिमा को बढ़ाने वाला होना चाहिए। मेले की तैयारियों में कोई कोर-कसर न रहने पाये, इसके लिए अधिकारियों को विशेष ध्यान देने के लिए कहा है। मेले में आने वाले साधु-संतो एवं कल्पवासियों को मिलने वाली सभी सुविधाएं उपलब्ध करायी जाये। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि मेले में कोविड-19 के मानकों का कड़ाई से अनुपालन कराये जाने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाये। उन्होंने मेले आने वाले श्रद्धालुओं से अपील भी की कि मेले में आने वाले श्रद्धालुगण अपने साथ एक सप्ताह के अंदर की कोविड जांच रिपोर्ट भी साथ लेकर आयें। अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि साधु-संतो/संस्थाओं को मेले में आवंटित की जाने वाली जगह का आवंटन इस प्रकार से किया जाये कि किसी भी साधु-संत/संस्थाओं के अंदर असंतोष न रहे। इस अवसर पर मा0 सांसद फूलपुर श्रीमती केशरी देवी पटेल, मा0 विधायक शहर उत्तरी हर्षवर्धन वाजपेयी, मा0 विधायक फाफामऊ विक्रमाजीत मौर्या, महानगर अध्यक्ष भाजपा- गणेश केसरवानी, जिलाधिकारी- भानु चन्द्र गोस्वामी, एडीएम सिटी- अशोक कुमार कनौजिया, प्रभारी मेलाधिकारी- विवेक चतुर्वेदी सहित सम्बंधित विभागों के अधिकारीगण मौजूद रहे।

शुआट्स की तीन छात्रा जिला स्तरीय युवा संसद में रखेंगी अपने विचार

नैनी, प्रयागराज। युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय, भारत सरकार ,राष्ट्रीय सेवा योजना तथा नेहरू युवा केंद्र संगठन द्वारा यूथ पार्लियामेंट फेस्टिवल 2021 का आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन में विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर छात्र-छात्राओं को चर्चा हेतु आमंत्रित किया गया है। इस क्रम में शुआट्स राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) द्वारा वर्चुअल सम्मेलन आयोजित कर छात्र-छात्राओं के प्रदर्शन के आधार पर तीन छात्राओं का चयन किया गया जो अपने विचार जिला स्तरीय यूथ पार्लियामेंट में रखेंगी। बता दें कि वर्चुअल सम्मेलन में छात्र-छात्राओं के चयन के लिए तीन जज का पैनल था जिसमें मुदिता श्रीवास्तव, डा. दीपक कुमार बोस व सत्यम कुमार केसरी शामिल थे। वर्चुअल बैठक में तीन छात्राओं अदीबा फातिमा, शोएबा तथा समरोज का चयन युवा संसद में भाग लेने हेतु किया गया। सत्यम कुमार केसरी ने बताया कि अदीबा तथा शोएबा युवा संसद में राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर अपने विचार रखेंगी जबकि शोएबा शून्य बजट प्राकृतिक खेती किसानों के लिए वरदान पर अपना मत रखेंगी। कोआर्डिनेटर डा. रोहित लाल ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संकल्पों को पूर्णता की तरफ ले जाने के लिए बौद्धिक एवं तार्किक समावेशन ही यूथ पार्लियामेंट का मुख्य उद्देश्य है जिसमें शुआट्स राष्ट्रीय सेवा योजना सक्रिय प्रतिभाग कर रहा है।

रोटरी इलाहाबाद इलीट ने संत जोसेफ कैथेड्रिल संग मनाया क्रिसमस का त्यौहार

क्रिसमस का त्योहार मनाते रोटरी क्लब के सदस्य

प्रयागराज। रोटरी इलाहाबाद इलीट ने संत जोसेफ कैथेड्रिल में क्रिसमस उत्सव मनाया। क्लब के अध्यक्ष रोटेरियन संजय तलवार ने मुख्य अतिथि डॉक्टर रैफी मंजली बिशप इलाहाबाद व आगरा बिशप के लिए नामित का स्वागत किया व अन्य सम्मानीय अतिथि संत जोसेफ कॉलेज के प्रधानाचार्य फादर थॉमस कुमार, संत जोसेफ कैथेड्रिल चर्च के पादरी फादर विकास जैसन व अधिशिक्षक फादर हेराल्ड तौरो का स्वागत एवं अभिनन्दन किया। 16 बच्चों ने क्रिसमस कैरोल गीतों रंगारंग प्रस्तुति की, बच्चों को उपहार वितरित किये गए और उनको खाने पीने की वस्तुएं केक, चॉकलेट आदि दिया गया। रोटेरियन अभिषेक टण्डन ने बच्चों के लिए विशेष उपहार की व्यवस्था की। कमला नेहरू अस्पताल के मुख्य चिकित्सक डॉक्टर पॉल थैलियट ने व इलाहाबाद इलीट के अध्यक्ष संजय तलवार ने क्रिसमस पर्व पर अपना संदेश दिया। इस मौके पर पूर्व अध्यक्ष रितेश सिंह, पीयूष अग्रवाल, पूनम रे, मुनिराज पटेल, बरकत अली, पूर्व मंडलाध्यक्ष अमिताव रे व अन्य रोटरी सदस्य व डिस्ट्रिक्ट रोट्रैकटर रिप्रेजेंटेटिव राजन गुप्ता व अन्य रोट्रैकटर मौजूद रहे। कोरोना वायरस का संज्ञान लेते हुए पूरी सतर्कता के साथ दो गज दूरी मास्क है जरूरी का पालन करते हुए इस कार्यक्रम का संचालन किया गया। अंत में सचिव नितिन चोपड़ा ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया।

अपर मुख्य सचिव ने मेला क्षेत्र का भ्रमण कर तैयारियों एवं माघ मेला में कोविड-19 के प्रोटोकॉल के अनुपालन हेतु की जा रही व्यवस्थाओं की समीक्षा की

बैठक की अध्यक्षता करते अपर मुख्य सचिव

माघ मेले में भ्रमण कर तैयारियों का जायजा लेते अपर मुख्य सचिव

प्रयागराज। अपर मुख्य सचिव, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग अमित मोहन प्रसाद सोमवार को मेला क्षेत्र का भ्रमण कर मेला की तैयारियों एवं मेला कार्यालय के आईसीसीसी सभागार में बैठक कर माघ मेला में कोविड-19 के प्रोटोकॉल के अनुपालन हेतु की जा रही तैयारियों की समीक्षा की। मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 प्रभाकर राय ने मेले में स्वास्थ्य विभाग के द्वारा कोविड-19 के प्रोटोकॉल के अनुपालन तथा सामान्य स्वास्थ्य व्यवस्था हेतु की जा रही तैयारियों के बारे में बताया कि मेले में 20 बेड़ के दो अस्पताल बनाये जायेंगे, जहां पर डॉक्टरों की 24 घण्टे उपलब्धता सुनिश्चित रहेगी। उन्होंने ये भी बताया कि मेले में 40 एम्बुलेंस की व्यवस्था भी सुनिश्चित की जा रही है, जिसमें से कुछ एम्बुलेंस कोविड-19 हेतु विशेष रूप से सुनिश्चित रहेगी। उन्होंने बताया कि कोविड के सम्बंध में स्वरूपरानी, डफरीन तथा एसआरएन में अलग से बेड़ों की व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है, जिससे कि मेला क्षेत्र में कोविड-19 से संक्रमित व्यक्तियों को निर्धारित अस्पतालों में भर्ती कराया जा सके। मुख्य चिकित्साधिकारी ने यह भी बताया कि मेला क्षेत्र में 16 प्रवेश प्वाइंट बनाये जाने की व्यवस्था की जा रही है। उन्होंने ये भी बताया कि प्रवेश प्वाइंटों पर थर्मल स्क्रीनिंग की व्यवस्था किये जाने के सम्बंध में आवश्यक कार्यवाही की जा रही है, जिससे कि मेला क्षेत्र में आने वाले लोगो की जांच की जा सके। उन्होंने यह भी बताया कि सेनेटाइजेशन कराये जाने हेतु भी आवश्यक व्यवस्थायें सुनिश्चित की जा रही है। जिलाधिकारी श्री भानु चन्द्र गोस्वामी ने अपर मुख्य सचिव को अवगत कराते हुए बताया कि मेला क्षेत्र में कोविड-19 के प्रोटोकॉल का अनुपालन कराने हेतु व्यापक बंदोबस्त किये जा रहे है। उन्होंने ये भी बताया कि संस्थाओं से सम्पर्क कर कल्पवास में आने वाले लोगो की सूची तैयार कर तथा उसको पोर्टल पर अपलोड़ कराये जाने की भी व्यवस्था के बारे में कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने ये भी बताया कि संस्थाओं से कल्पवासियों से सम्बंधित प्राप्त सूची को सम्बंधित जिलों में भी भेजे जाने की व्यवस्था की जा रही है, जिससे कि वहां पर सम्बंधित जिलों के स्वास्थ्य विभाग के द्वारा ऐसे लोगो के टेस्ट की व्यवस्था वहां पर ही सुनिश्चित की जा सके। जिलाधिकारी ने यह भी बताया कि मेला क्षेत्र में टेस्टिंग के लिए मोबाइल वैन की व्यवस्था की जा रही है। अपर मुख्य सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य श्री अमित मोहन प्रसाद ने स्वास्थ्य विभाग सहित अन्य सम्बंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि मेला क्षेत्र में कोविड-19 के प्रोटोकॉल का अनुपालन सुनिश्चित कराने हेतु सभी आवश्यक व्यवस्थाएं पूर्ण रूप से सुनिश्चित कर ली जाये।

अपर मुख्य सचिव कोविड-19 के वैक्सीनेशन की तैयारियों की भी समीक्षा की। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि वैक्सीनेशन हेतु सभी आवश्यक व्यवस्थायें पहले से ही सुनिश्चित कर ली जाये, जिससे कि वैक्सीनेशन के समय किसी भी प्रकार की समस्या न हो। उन्होंने मुख्य चिकित्साधिकारी को ब्लाक स्तर पर टीमों का गठन कर एवं वैक्सीनेशन करने वाले स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों का अच्छे से प्रशिक्षित किये जाने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा है कि वैक्सीन के आने पर स्टोरेज स्थल, ट्रांसपोर्टरेशन एवं जहां पर वैक्सीनेशन होगा, वहां पर सीसीटीवी कैमरा की व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित कर ली जाये। साथ ही साथ सुरक्षा की व्यवस्था भी सुनिश्चित रहे।

सामान्य दिनों के जनपद में कोविड-19 के प्रसार को रोकने हेतु की जा रही कार्यवाही की समीक्षा करते हुए अपर मुख्य सचिव ने सर्विलांश टीम और कांटैक्ट टेजसिंग पर विशेष ध्यान दिये जाने के लिए कहा है। होम आइशोलेशन की समीक्षा करते हुए अपर मुख्य सचिव ने कहा कि होम आइशोलेशन में रहने वाले लोगो से मानक के अनुरूप निर्धारित समय पर उनसे मोबाइल पर वार्ता करने एवं समय से होम आइशोलेशन वाले मरीजों के पास दवाईयों की उपलब्धता सुनिश्चित किये जाने के लिए कहा है। जिलाधिकारी श्री भानु चन्द्र गोस्वामी ने कोविड-19 के प्रसार को रोकने एवं जांच तथा होम आइशोलेशन के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि जनपद में कोविड-19 के प्रसार को रोकने एवं जांच की कार्यवाही नियमित रूप से करायी जा रही है। टेस्टिंग सेंटरों पर सभी आवश्यक व्यवस्थायें सुनिश्चित है, जहां पर नियमित रूप से कोविड-19 का परीक्षण किया जा रहा है। इस अवसर पर एडी हेल्थ, मुख्य चिकित्साधिकारी, प्रभारी मेलाधिकारी सहित स्वास्थ्य विभाग के चिकित्साधिकारियों के साथ-साथ अन्य सम्बंधित लोग उपस्थित थे।

कोर में एचआरएमएस, उमीद एवं ई.सुविधा पास/पीटीओ हेतु एकीकृत सुविधा कक्ष का उद्घाटन

फीता काटकर उद्घाटन करते कोर महाप्रबंधक

प्रयागराज। केंद्रीय रेल विद्युतीकरण संगठन प्रयागराज के महाप्रबन्धक यश पाल सिंह के कुशल नेतृत्व में एक और कदम बढ़ाया है।इस कड़ी में अब केंद्रीय रेल विद्युतीकरण संगठन प्रयागराज में कार्यरत अधिकारियों/कर्मचारियों को एचआरएमएस, उमीद एवं ई.सुविधा पास/पीटीओ से संबन्धित सहायता हेतु कोविड प्रोटोकाल का पालन करते हुए एचआरएमएस, उमीद, एवं ई.सुविधा पास/पीटीओ हेतु एकीकृत सुविधा कक्ष उदघाटन किया गया। इससे कार्मिक विभाग से संबन्धित कार्यों को सहज, सरल व द्रुत गति से संचालन में अभूतपूर्व योगदान प्राप्त होगा। सारी सुविधाएं इलेक्ट्रानिक माध्यम से संचालित होने के कारण कागज की अवश्यकता कम पड़ेगी तथा हमें कागज के लिए कम पेड़ काटने पड़ेंगे। इस प्रकार इससे पर्यावरण की भी अभूतपूर्व रक्षा होगी।

इस अवसर अरुण कुमार मुख्य प्रशासनिक अधिकारी, सुरेश कुमार, प्रमुख मुख्य सिगनल एवं दूरसंचार इंजीनियर, आशुतोष, प्रमुख मुख्य अभियन्ता, श्रीमती प्रमिला सिंह, प्रमुख मुख्य कार्मिक अधिकारी, अकमल वदूद मुख्य भण्डार प्रबन्धक एवं अन्य अधिकारिगण उपस्थित रहे।

मानसिक रूप से सशक्त हो रही हैं महिलाएं : श्रीमती कटियार

मुक्त विश्वविद्यालय में साप्ताहिक अटल जन्मोत्सव व्याख्यानमाला का समापन

व्याख्यान प्रस्तुत करतीं मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता श्रीमती कटियार

प्रयागराज। महिलाएं आज प्रत्येक क्षेत्र में बराबरी की सहभागिता के साथ आगे बढ़ रही हैं। वर्जनाओं एवं सीमाओं को आज तोड़ा जा रहा है। महिलाएं मानसिक रूप से सशक्त हो रही हैं लेकिन अभी भी बहुत बड़ा संघर्ष एवं व्यवस्था परिवर्तन होना बाकी है। उक्त उद्गार श्रीमती नीलिमा कटियार, उच्च शिक्षा राज्य मंत्री, उत्तर प्रदेश सरकार ने सोमवार को उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्व विद्यालय में आयोजित साप्ताहिक अटल जन्मोत्सव समारोह के समापन अवसर पर आयोजित व्याख्यानमाला में व्यक्त किए।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता श्रीमती कटियार ने मिशन शक्ति, उच्च शिक्षा संस्थाओं की भूमिका एवं चुनौतियां विषय पर व्याख्यान देते हुए कहा कि शक्ति एवं सामर्थ्य मातृत्व से ही पाया जा सकता है। व्यवस्था परिवर्तन का आधार उसके सामर्थ्य और शक्ति से ही संभव है। श्रीमती कटियार ने कहा कि भारत में महिलाओं में कुपोषण एवं रक्ताल्पता की अधिकता पाई जाती है। जिसकी वजह से हर महीने की 9 तारीख को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर जननी सुरक्षा दिवस का आयोजन किया जा रहा है।यह समाज का कार्य है कि वह महिलाओं में जागरूकता उत्पन्न करें और उन्हें स्वास्थ्य परीक्षण कराने के लिए केंद्र तक पहुंचाने में मदद करें। श्रीमती कटियार ने कहा कि आज सीमा सुरक्षा बल में महिलाओं को स्थान दिया जा रहा है। वहीं सीआरपीएफ की दो बटालियन महिलाओं के लिए आरक्षित की गई हैं। पुलिसिंग में 35% स्थान महिलाओं के लिए आरक्षित किया गया है। मुद्रा योजना के अंदर ऐसे प्रावधान हैं जिनमें महिलाओं को 70% वरीयता दी जा रही है। मनरेगा में भी दुर्गम प्रकार के कार्यों में महिलाएं देश के विकास में योगदान दे रही हैं। इसके साथ ही विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में महिलाएं सर्वोच्च स्थान प्राप्त कर पदक प्राप्त कर रही हैं। नामांकन दरों में भी महिलाओं ने आगे बढ़कर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई है तथा व्यवस्थाओं में भी उन्हें वरीयता दी जा रही है। उन्होंने कहा कि महत्वाकांक्षी मंगल मिशन में भी 27% महिला वैज्ञानिक हैं। साथ ही कोर ग्रुप में नेतृत्व करने वाली वैज्ञानिक भी महिला है।

महिला सशक्तिकरण का एक उदाहरण देते हुए उन्होंने बताया कि अभी 10 दिन पहले नलकूप चालक की भर्ती प्रक्रिया का जब परिणाम घोषित किया गया तो उसमें भी कानपुर की कल्पना ने टॉप किया। उन्होंने प्रश्नचिन्ह खड़ा किया कि हम गलत कहां थे जो आज मिशन शक्ति की आवश्यकता पड़ रही है। नैसर्गिक रूप से हम प्राचीन काल से ही अर्धनारीश्वर स्वरूप को पूजते रहे हैं। आज हमें फिर अपने पुराने स्वरूप में लौटना पड़ रहा है और आराध्य को देखने वाले देश में यह मिशन चलाना पड़ रहा है।उन्होंने कहा कि यह परिवार की जिम्मेदारी है कि वह बेटे बेटी को बराबरी का दर्जा देकर पालें। उन्होंने कहा कि मूल मानसिकता में परिवर्तन किए बिना हम भवन तैयार कर लें तो वह लंबे समय तक आसरा देने वाला नहीं बन सकता। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय परिसर प्रारंभ से ही दिशा निर्देशक एवं मार्गदर्शक रहे हैं। हर परिसर अपने परिवेश के अनुसार परिवर्तन लाएगा, जिससे समाज में संतुलन स्थापित होगा। उच्च शिक्षा राज्य मंत्री श्रीमती कटियार ने कहा कि महिलाएं आज चारों दिशाओं में सफलता के झंडे गाड़ रही हैं। इतना ही नहीं आज मातृत्व अवकाश को दोगुना करके पितृत्व अवकाश भी प्रदान किया जा रहा है। छात्राओं को आत्मनिर्भर, स्वाभिमानी एवं साहसी बनाने में उच्च शिक्षा संस्थाओं का महत्वपूर्ण योगदान है। अध्यक्षता करते हुए कुलपति प्रोफेसर कामेश्वर नाथ सिंह ने कहा कि जिस परिवार एवं समाज में महिला का सम्मान नहीं होगा, वह उजड़ जाएगा। हमें महिलाओं के सम्मान की शुरूआत घर से ही करनी चाहिए। जिस तरह हम ज्ञान के लिए सरस्वती की आराधना करते हैं, धन के लिए लक्ष्मी की आराधना करते हैं और शक्ति के लिए दुर्गा की आराधना करते हैं, उसी प्रकार समाज को सही दिशा में ले जाने के लिए हमें महिलाओं का सम्मान करना होगा। कुलपति प्रोफेसर सिंह ने कहा कि मुक्त विश्वविद्यालय ने जिन गांवों को गोद लिया है, वहां की लड़कियों की शिक्षा निःशुल्क कर दी है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय परिसर के बाहर भी विराट समाज है। हमें उनकी अपेक्षाओं और आकांक्षाओं पर खरा उतरना है। बाधाओं को चिन्हित करें एवं संवाद स्थापित करें। उन्होंने कहा कि उच्च शिक्षा संस्थान समाज और राष्ट्र के प्रति जवाबदेह संस्थान बनें। नीति नियम ही नहीं बनाए बल्कि यथार्थ के धरातल पर क्रियान्वयन करके सरकार की योजनाओं में सहयोग प्रदान करें। व्याख्यानमाला का संचालन डॉ सुरेंद्र कुमार ने तथा अतिथियों का स्वागत एवं विषय प्रवर्तन अटल बिहारी वाजपेई सुशासन पीठ के निदेशक प्रोफेसर पीके पांडे ने किया। अतिथियों का परिचय डॉ दिनेश सिंह ने तथा धन्यवाद ज्ञापन कुलसचिव डॉ अरुण कुमार गुप्ता ने किया। इस अवसर पर लोकमान्य तिलक शास्त्रार्थ सभागार में विश्वविद्यालय के निदेशक, शिक्षक, अधिकारी, कर्मचारी, छात्र एवं कई प्रतिभागी ऑनलाइन उपस्थित रहे।

नवनियुक्त नगर अध्यक्ष का हुआ जोरदार स्वागत

नवनियुक्त नगर अध्यक्ष का स्वागत करते लोग

कोरांव। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं प्रदेश अध्यक्ष के निर्देश पर इलाहाबाद के क्रांतिकारी जिलाध्यक्ष योगेश यादव ने अपने महानगर की कार्यकारणी का ऐलान करते हुए कोरांव से एक ईमानदार एवं कर्मठ समाजवादी कार्यकर्ता मेहताब खान को कोरांव का संगठन का नगर अध्यक्ष नियुक्त कर कार्यकताओं के मान सम्मान को बढ़ाया है वही नवनियुक्त नगर अध्यक्ष कोराव के प्रथम आगमन पर कार्यकताओं ने माला फूल पहनाकर जोरदार स्वागत किया कार्यकताओं ने शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त किया वही मेहताब खान ने कहा कार्यकताओं के मान सम्मान की लड़ाई लड़ता रहूंगा किसी भी कार्यकर्ता को प्रशासन से अपमानित नहीं होने दिया जाएगा जिसकी लड़ाई संगठन के माध्यम से लड़ता रहूंगा स्वागत की कड़ी में प्रमुख रूप से कोरांव विधानसभा के प्रभारी एवं जिला सचिव सोमदत्त सिंह पटेल पार्टी के वरिष्ठ नेता प्रमोद मिश्र पयासी निवर्तमान विधानसभा सचिव राजेश पांडेय ब्लॉक अध्यक्ष दिनेश पटेल अल्पसंख्यक के अध्यक्ष सहादत अली मनोज सोनी नौशाद अंसारी मँगला कोल जिला पंचायत प्रतिनिधि रविंद्र जैयसल पवन सोनकर दीपक पटेल के साथ सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया।

अखण्ड भारत संदेश के लिए स्वामी श्री योगी सत्यम कियायोग आश्रम एवं अनुसंधान सस्थान झूंसी, प्रयागराज 211019 से प्रकाशित एवं रामा प्रिंटिंग प्रेस 53/25/1ए बेली रोड नया कटरा प्रयागराज से मुद्रित।

मुद्रक/प्रकाशक
स्वामी श्री योगी सत्यम

पी0आर0बी0 एक्ट के अन्तर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से संबंधित विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा। आरएनआई नं0: UPHIN2001/9025

प्रतापगढ़-कौशाम्बी

संक्षेप समाचार

भ्रष्टअधिकारियों को बचाने के लिए उड़ाई जा रही जन सूचना के अधिकार की धज्जियां

गड़वारा। जन सूचना के अधिकार के तहद व्योरा मागने के बाद भी अधिकारी व्योरा नही दे रहे है।भ्रष्ट अधिकारियों व कार्यदायी संस्थानों को बचाने के लिए कई बार रिमाइंडर देने तथा व्योरा न देने की शिकायत तथा वरिष्ठ अधिकारों के आदेश के बावजूद भी व्योरा नही दिया जा रहा है।जनसूचना अधिकार की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं।सदर विकास खंड के ढेकाही गांव निवासी अरुण कुमार सिंह ने जिला विकास अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी,राज्य सूचना आयुक्त तथा राज्य सूचना आयोग लखनऊ को पोस्टल आर्डर के साथ रजिस्टर्ड पत्र भेजकर ग्राम पंचायत ढेकाही में वर्ष 2015 से वर्ष 2020 के बीच केंद्र व राज्य सरकारों से प्राप्त धन तथा उससे कराये गये कार्यों का व्योरा मांगा था किंतु पांच माह बीत जाने के बाद भी व्योरा नही मिला।कई बार जन सूचना अधिकार के तहद आवेदन किया गया किन्तु कोई सुनवाई नहीं हुई।इस तरह अधिकारियों द्वारा खुले आम जा सूचना अधिकार की धज्जियां उड़ाई जा रही है।

भाई ने भाई को पीट-पीटकर उतारा मौत के घाट

सराय अकिल थाना क्षेत्र के विगाहरा गांव में दिनदहाड़े हत्या की घटना को दिया गया अंजाम

कौशाम्बी जिले में अलग अलग घटनाओं में हुई तीन हत्याएं

सराय अकिल कौशांबी। जिले के सैनी और सराय अकिल थाना क्षेत्र में अलग-अलग दो हत्याओं से कौशांबी जिला दहल उठा है पहली घटना में बालिका की नग्न लाश मिली है आशंका जताई जा रही है कि रेप के बाद बालिका की हत्या कर लाश खेत में फेंक दी गई है दूसरी घटना सराय अकिल थाना क्षेत्र की है जहां चचेरे भाई ने जमीनी विवाद के चलते अपने भाई को ही पीट-पीटकर मौत के घाट उतार दिया है दोनों घटनाओं के शव को पुलिस ने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है घटना की जानकारी मिलते ही घटनास्थल पर अपर पुलिस अधीक्षक पहुंचे है।

घटनाक्रम के मुताबिक सराय अकिल थाना क्षेत्र के उस्मानपुर बिगहरा गांव निवासी रवि शंकर दुबे उम्र लगभग 54 वर्ष पुत्र अंबिका प्रसाद दुबे अपने खेत के चारों ओर कटीली तार लगाकर खेत की सुरक्षा कर रहे थे इसी बात को लेकर उनके चचेरे भाई से उनका विवाद हुआ देखते-देखते चचेरे भाई ने रवि शंकर दुबे पर लाठियों से हमला बोल दिया रवि शंकर दुबे को उनके चचेरा भाई तब तक लाठियो से पीटता रहा जब तक रविशंकर दुबे की मौत हो गई प्राण पखेरू उड़ जाने के बाद हत्यारा भाई घटनास्थल से फरार हो गया दिनदहाड़े हत्या की जानकारी मिलते ही घटनास्थल पर ग्रामीणों की भीड़ उमड़ पड़ी परिजनों को जानकारी मिली तो रोते बिलखते परिजन भी घटनास्थल पर पहुंच गए है मामले की सूचना मिलते ही सराय अकिल थाना पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और रवि शंकर दुबे की लाश को मौके के अस्पताल भेज दिया लेकिन अस्पताल पहुंचने पर चिकित्सकों ने रवि शंकर दुबे की मौत की पुष्टि कर दी वापस लाश सराय अकिल पहुंची और पुलिस ने लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। दोनों भाइयों के बीच पहले से विवाद चल रहा था और कई बार यह मामला सराय अकिल थाना पहुंचा था लेकिन पुलिस की निष्क्रियता के चलते रवि शंकर दुबे की हत्या हो गई और पुलिस केवल कार्यवाही करती रह गई।

सराय अकिल थाना क्षेत्र में हत्या के बाद घटनास्थल पर मौजूद पुलिस फोर्स

फार्म हाउस के चौकीदार की कुल्हाड़ी से काटकर हत्या

कौशांबी। पिपरी थाना क्षेत्र के गौसपुर कटौहला गांव और शेरपुर गांव के बीच ससुर खदेरी नदी के किनारे डॉक्टर मोहम्मद यूनुस का फार्म हाउस है मोहम्मद यूनुस इलाहाबाद के अटाला में रहते हैं उनके फार्म हाउस की चौकीदारी नाजिम उम्र 32 वर्ष पुत्र सरवर अली करते हैं सोमवार को नाजिम जब फार्म हाउस पहुंचे तो जेल से छूटा शातिर अपराधी चांद वहां पहले से कुल्हाड़ी लेकर मौजूद था किसी बात को लेकर दोनों के बीच विवाद हुआ और शातिर अपराधी चांद ने कुल्हाड़ी से वार कर नाजिम को मौत के घाट उतार दिया पुलिस पहुंची है और लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है घटना के पीछे अय्याशी बताई जाती है।

पहले भी मिल चुकी है बालिका की नग्न लाश

कौशांबी। कोखराज थाना क्षेत्र के पन्नोई मोड़ के पास कुछ महीने पहले एक बालिका की नग्न लाश खेत में मिली थी इस मामले का भी खुलासा करना तो दूर अभी तक पुलिस बालिका के लाश की शिनाख्त नहीं कर सकी है कई महीने बीत जाने के बाद बालिका की लाश की शिनाख्त न कर पाने के पीछे पुलिसिया व्यवस्था की लापरवाही उजागर हो रही है।

जरुरतमन्दों को बांटे गए कम्बल

सगरासुन्दरपुर, प्रतापगढ़। क्षेत्र के राजातारा मे उज्ज्वल लोक कल्याण चेतना के तत्वावधान मे गांव के आठ सौ से अधिक जरुरतमन्द लोगों को ठन्ड से बचने के लिए बाटें गए कम्बल । कम्बल पाकर खिले लोगों के चेहरे । आयोजक समिति को लोगों ने दिया ऐसे ही सदैव जनहित मे कार्य करते रहने के लिए आशिर्वाद और कहा धन्यवाद । बता दें कि राजातारा गांव के निवासी एंव उज्ज्वल लोक कल्याण चेतना के उपाध्यक्ष रजनीश ओझा ने पिता एंव संस्थान के संरक्षक सुरेश चन्द्र ओझा के मार्गदर्शन मे कार्यक्रम आयोजित कर गांव के जरुरतमन्द लोगों को निशुल्क कम्बल वितरण कर उनके सुख - दुख मे सदैव तत्पर रहने का भरोसा दिलाया ।कार्यक्रम मे बतौर मुख्य अतिथि के रुप मे पहुचे अरुण कुमार सिंह जिला युवा कल्याण अधिकारी प्रतापगढ़ व विशिष्ट अतिथि के रुप मे पहुचे राजेश कटारिया एडीओ लालगंज व पर्यावरण संरक्षक ग्रीनमैन अजय क्रान्तिकारी ने मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित कर एंव चित्र के समीप दीप प्रज्वलन करके कार्यक्रम की शुरूआत किया । कार्यक्रम के दौरान अरुण कुमार सिंह जिला युवा कल्याण अधिकारी ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए सरकार के द्वारा जनहित मे संचालित विभिन्न योजनाओं के बारे मे जानकारी देते हुए विभाग द्वारा खेल आदि के उपकरण युवाओं को कैसे प्राप्त हों इस पर प्रकाश डाला । इसके पश्चात विशिष्ट अतिथि के रुप मे पहुचे राजेश एडीओ लालगंज ने जरुरतमन्द पात्र लोगों को पेंशन योजना का लाभ कैसे मिले एंव लाभार्थी कैसे योजना के लाभ का लाभ प्राप्त करे इस पर प्रकाश डालते हुए उपस्थित लोगों को यह भरोसा दिलाया कि वे उनकी सेवा के लिए सदैव ब्लाक मे तत्पर मिलेगें ।कार्यक्रम के दौरान ग्रीनमैन के नाम से ख्याति प्राप्त अजय क्रान्तिकारी ने कार्यक्रम के आयोजक के प्रति धन्यवाद ज्ञापित करते हुए जरुरतमन्दों की समयानुसार यथासंभव मदद को बेहतर कार्य बताते हुए कहा गया कि हम सबको प्रकृति के साथ - साथ अपने गांव समाज के जरुरतमन्द लोगों की सेवा करने से भी जो पुण्य व सुकून मिलता वह किसी अन्य चीज मे नही, अतएव हम सबको सदैव जनहित मे समयानुसार कार्य करते रहना चाहिए जिससे हमारा गांव एंव समाज बेहतर बना रहे ।इसके पश्चात संयुक्त अधिवक्ता संघ के पूर्व अध्यक्ष विकास मिश्र ने भी कार्यक्रम की सराहना करते हुए कम्बल वितरण को जनहित बताते हुए सभी गणमान्य अतिथियों से गुजारिश किया कि वे भी यथासंभव ऐसे ही किसी न किसी प्रकार से जनहित मे कार्य करते रहें जिससे जरुरतमन्दों की सेवा भी होती रहे और उनकी जरुरतें भी कुछ हद तक पूरी होती रहें ।इस दौरान संस्थान के अध्यक्ष रमेश ओझा, अश्वनी शुक्ला, राहुल आदि रहे।

ठंड को देखते हुए जरूरतमंद वृद्धों को दिया गया कम्बल

संदिग्ध दशा में अधेड़ की मौत

प्रतापगढ़। संदिग्ध दशा में अधेड़ की मौत हो गई। इसकी खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। बेटे की तहरीर पर पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा। परिजनों का आरोप है कि बिकी जमीन का पैसा नहीं मिलने से वह तनाव में था। एक दिन पहले काफी अधिक शराब भी पी ली थी। तहरीर पर पुलिस जमीन लिखाने वाले को हिरासत में लेकर मामले की जांच कर रही है।संग्रामगढ़ थाना क्षेत्र के रतनपुर के झूमकलाल पटेल (53) की रविवार रात संदिग्ध दशा में मौत हो गई। इसकी जानकारी होते ही परिजनों में कोहराम मच गचा। आरोप है कि गांव के ही एक व्यक्ति ने 12 दिसम्बर को चार बिस्वा जमीन झूमकलाल को बरगला कर 30 हजार रुपये में लिखा ली और केवल 2500 रुपये दिए। उसी दिन से वह तनाव में रहता था।चर्चा यह भी रही की झूमकलाल ने रविवार सुबह जमकर शराब पी ली थी। मामले को लेकर मृतक के बेटे संतोष कुमार पटेल ने पुलिस को तहरीर दी है। मृतक के बेटे की तहरीर पर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। जमीन लिखाने वाले आरोपित को पुलिस ने हिरासत में लिया है। एसओ आशुतोष त्रिपाठी का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है। मृतक के तीन बेटे व एक बेटी है। सभी विवाहित हैं।

घटनास्थल पर शव व मुआयना करती पुलिस टीम।

कुंए में मिली महिला की लाश

प्रतापगढ़। जेठवारा थानाक्षेत्र के आशापुर का दूधनाथ सिंह राजगीर है। उसकी पत्नी कांति सिंह (60) का मानसिक संतुलन ठीक नहीं था। रविवार रात वह खाना खाकर बिस्तर पर सोई थी। सुबह उसे बिस्तर पर न पाकर परिजन खोजने लगे। घर से करीब सौ मीटर दूर कुंए में उसकी लाश मिली। पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम को भेज दिया।

जंगल मे आगजनी से वन सम्पदा हुई खाक

प्रतापगढ़। उदयपुर थाना क्षेत्र के पूरे हुसैनी मुस्तफाबाद व पूरे लोकई रामनगरकोल गांव के मध्य जंगल मे रविवार की रात लगभग साढ़े ग्यारह बजे अज्ञात कारणों से आग लग गई। आगजनी मे लाखों की वन संपदा को नुकसान हुआ है। आग की लपटें उठती देख ग्रामीण जंगल की तरफ पहुंचे और अपने स्तर पर पानी न होने की स्थिति मे फावड़ा ,कुल्हाड़ी से सरपत का लगाव काटकर फेंका। ग्रामीणों ने प्रयास किया कि किसी तरह आग की लपटें आगे न बढ़ सकें हालांकि आगजनी से लगभग पच्चीस बीघा जंगल का सरपत, तथा सैकड़ो पौधे जलकर राख हो गये। वही दर्जनो बड़े पेड़ भी झुलस गए। आगजनी के चलते जंगली छोर पर क्षेत्र के मन्नू खां, रसीद अहमद, नईम खां, रफीक अहमद, आदि निवासी गाजीपुर मुस्तफाबाद, वही रामसजीवन यादव, जैराम यादव, पूरे लोकई मैकू लाल, गिरधारी लाल आदि निवासी रामनगर कोल का सरपत पेड भी.जलकर राख हो गए है। खबर लिखे जाने तक आग सुलगती रही। इसके बावजूद वहां राजस्व विभाग का कोई नही अधिकारी कर्मचारी घटनास्थल पर नही पहुंच सका है।

बाजार में हनुमान मंदिर के पास खड़े टेम्पो का दृश्य

बिहार बाजार का हनुमान मंदिर बना टेंपो स्टैंड

प्रतापगढ़। बाघराय थाना क्षेत्र के बिहार बाजार स्थित हनुमान मंदिर बना टेंपो स्टैंड जिसके वजह से लगता है बिहार बाजार में भारी भरकमे जाम और जहां लोग मंदिर पर लोग दर्शन के लिए आते हैं मंदिर के सामने टेंपो खड़े रहने की वजह से जगह ना मिलने पर लोगों को दर्शन करने के लिए दिक्कत होती है और तो और टेंपो चालक मंदिर के सामने टेंपो खड़ी करके वहीं पर पान खा कर थूकते भी हैं। और वही लोगों के दुकान के सामने भी टेंपो लगाकर सवारी भरते हैं और जब दुकानदार और आसपास के लोग टेंपो खड़ी करने से रोकते हैं तब सभी टेंपो चालक इकट्ठा होकर के झगड़ा पर उतारू हो जाते हैं। जिसकी शिकायत एक दो बार प्रशासन से भी किया गया परंतु इन टेंपो चालकों को नहीं है कोई भी असर। फिर भी वही खड़ी करते हैं और पान खाकर थूक देते हैं और गंदगी भी फैलाते हैं।

बिहार इलाके में धड़ल्ले से चल रही अवैध आरा मशीनें

कुंडा प्रतापगढ़। वन विभाग के स्थानीय वनकर्मियों की मिलीभगत से बिहार ब्लॉक क्षेत्र में धड़ल्ले से अवैध आरा मशीनें संचालित हो रही हैं। पुरानी आरा मशीनों के साथ कई नई आरा मशीनें भी लगाई गई हैं। स्थानीय लोगों ने मामले की शिकायत उच्चाधिकारियों से की है।बिहार इलाके में पहले से ही एक दर्जन से अधिक अवैध आरा मशीनें धड़ल्ले से चल रही हैं। एक सप्ताह के दौरान इलाके में भावनपुर, तोखाराम का पुरवा, खरगापुर, बरना, बेधन गोपालपुर, त्रिलोकपुर, धनवासा आदि इलाके में नई आरा मशीनें लगाई गई हैं। ग्रामीणों ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि संचालित अवैध आरा मशीनों पर धड़ल्ले से लकड़ियों की चिराई की जा रही है। इलाके के वनकर्मी मशीन संचालकों से अपना हिस्सा लेकर मुंह बंद किए रहते हैं और अफसरों को खबर तक नहीं होती। अवैध आरा मशीनों का संचालन और हरे पेड़ों की कटाई से पर्यावरण प्रभावित हो रहा है।

पानी के विवाद में परिवार पर हमला, तीन घायल

बीच-बचाव पर चाकू से वार कर तोड़फोड़ की गई, जान से मारने की धमकी भी दी गई

कुंडा प्रतापगढ़। पानी को लेकर हुए विवाद में घर में घुसकर परिवार पर हमला किया गया। बीच-बचाव पर चाकू से वार कर तोड़फोड़ की गई। जान से मारने की धमकी भी दी गई। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर सपा नेता व उनके दो बेटों के खिलाफ पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है।कुंडा के नरसिंहगढ़ मोहल्ला के ननचू यादव (21) पुत्र राम भवन यादव ने आरोप लगाया कि रविवार रात पानी के विवाद में राम अवध काका, उनके बेटे अखिलेश व अंकित ने घर के सामने उसपर हमला कर लिया। बचने के लिए वह घर के भीतर भागा तो आरोपितों ने घर में घुसकर उसे मारा पीटा। बीच-बचाव को दौड़ी उसकी मां नीतू (45), भाई गुड्डू (24) को भी पीट दिया। इस दौरान चाकू से भी वार किया गया। तोड़फोड़ कर गाली-गलौच की गई। जान से मारने की धमकी भी दी। शोर सुनकर आसपास के लोग दौड़े तो आरोपित भाग निकले।

यूपी 112 को फोन पर घटना की सूचना दी गई। रात में ही घायलों का सीएचसी में इलाज कराया गया।पीड़ित ने थाने में नामजद तहरीर दी। ननचू की तहरीर पर पुलिस ने सपा के विधानसभा क्षेत्र अध्यक्ष राम अवध यादव काका, उनके बेटे अखिलेश और अंकित के खिलाफ विभिन्न धाराओं में नामजद रिपोर्ट दर्ज की है। एसएसआई सुरेश सिंह चैहान का कहना है कि पानी के विवाद में मारपीट हुई है। पीड़ित की तहरीर पर आरोपितों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

निर्माणाधीन महिला बाल चिकित्सालय में गुणवत्ता को एसडीएम ने परखा, जतायी नाराजगी

प्रतापगढ़। सीएचसी परिसर मे निमार्णाधीन महिला एवं बाल चिकित्सालय मे जारी कार्यो का एसडीएम ने सोमवार को औचक निरीक्षण किया। एसडीएम ने निर्माण कार्यो की गुणवत्ता परखनें के लिए जांच समिति मे नामित अधिशाषी अभियंताओं को भी मंगलवार को निमार्णाधीन स्थल पर पहुंचने के निर्देश दिये है। एसडीएम राम नारायण सोमवार को दोपहर बाद अचानक सीएचसी परिसर पहुंचे। यहां राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन द्वारा पचास बेड के निमार्णाधीन महिला एवं बाल चिकित्सालय का उन्होनें औचक निरीक्षण शुरू किया। एसडीएम को भी जारी निर्माण कार्य मे खामियां दिखी तो वह कार्यदायी संस्था पर भड़क उठे। एसडीएम ने कार्यदायी संस्था से निर्माण को लेकर कार्ययोजना का विस्तृत विवरण उपलब्ध कराने को कहा। वहीं जांच समिति मे नामित अधिशाषी अभियंताओं को भी मंगलवार को तकनीकी परीक्षण के लिए उपलब्ध होने के निर्देश दिये। बतादें सीएचसी परिसर मे क्षेत्रीय विधायक आराधना मिश्रा मोना के प्रयास से सात करोड़ छत्तीस लाख लागत की मैटरनिटी विंग की स्वीकृत प्रदान की गई है। कार्यदायी संस्था राजकीय निर्माण निगम को अब तक पांच करोड़ छत्तीस लाख अवमुक्त भी हो चुके है। सप्ताह भर पहले क्षेत्रीय विधायक आराधना मिश्रा मोना क्षेत्र के दौरे पर आयी थी। स्थानीय लोगों की शिकायत पर विधायक मोना ने मैटनिटी विंग के निर्माण कार्य का अवलोकन किया तो गुणवत्ताविहीन निर्माण देख वह भड़क उठी। विधायक ने अनियमितता को लेकर प्रदेश के चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री एवं विभागीय अपर मुख्य सचिव को जांच के लिए पत्र लिखा है। इधर डीएम डा. रूपेश कुमार ने महिला एवं बाल चिकित्सालय के निर्माण मे शिकायत को देखते हुए एसडीएम की अध्यक्षता मे तीन सदस्यीय कमेटी का भी गठन कर रखा है। एसडीएम के औचक निरीक्षण से सीएचसी परिसर मे देर शाम तक हडकंप का माहौल दिखा। इधर एसडीएम ने जलेशरगंज स्थित श्रीराम राइस मिल मे भी चावल की एफसीआई को हो रही सप्लाई की प्रगति की जानकारी जुटाई। एसडीएम ने मिल संचालक को क्रय केन्द्रो से उपलब्ध कराये गये धान से तैयार चावल को अविलंब एफसीआई को भेजवाये जाने के कडे निर्देश दिये।

निर्माणाधीन महिला बाल चिकित्सालय में गुणवत्ता का निरीक्षण करते एसडीएम।

सुजौली में मिला दुर्लभ प्रजाति का घायल गिद्ध

कुंडा प्रतापगढ़। दुर्लभ प्रजाति का एक घायल गिद्ध सोमवार को कुंडा के सुजौली गांव में घायल अवस्था में मिला। उसको देखकर ग्रामीणों में कौतूहल भर गया। इसकी सूचना पर वन दरोगा मौके पर पहुंचे। घायल गिद्ध को इलाज कराने के लिए कुंडा पशु चिकित्सालय ले गए।कुंडा के नया का पुरवा सुजौली गांव में सोमवार सुबह एक दुर्लभ प्रजाति का गिद्ध घायल अवस्था में गांव के पास गिरा मिला। लोग उधर से निकले तो घायल पड़े दुर्लभ गिद्ध को देखकर कौतूहल में आ गए। पहले तो घायल गिद्ध को देखते रहे फिर ग्रामीणों ने इसकी जानकारी वन विभाग को दी। वन विभाग के टास्क फोर्स सदस्य प्रताप सिंह ने मौके पर वन दरोगा गर्जन प्रसाद को भेजा। वन दरोगा घायल गिद्ध को इलाज के लिए पशु चिकित्सालय कुंडा ले गए। इलाज के बाद उसे अपनी सुरक्षा में रखा। वन दरोगा का कहना है कि पूरी तरह स्वस्थ होने पर इसे जंगल में छोड़ दिया जाएगा।

दुर्लभ प्रजाति का घायल गिद्ध

कांग्रेस ने हमेशा समाज के सभी वर्गों की लड़ाई लड़ी : पूर्व विधायक

कौशाम्बी। मंझनपुर मुख्यालय में कांग्रेस पार्टी का 136 वां स्थापना दिवस मनाया गया इस मौके पर पूर्व विधायक राम सजीवन निर्मल ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा की कांग्रेस ने हमेशा समाज के सभी वर्गों की लड़ाई लड़ी 28 दिसंबर 1885 को ए ओ ह्यूम ने कांग्रेस पार्टी की स्थापना की।उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक ने कहा कि कांग्रेस पार्टी का प्रथम अधिवेशन मुंबई के गोकुलदास तेजपाल संस्कृत महाविद्यालय में व्योमेश चंद्र बनर्जी की अध्यक्षता में हुआ इसमें 64 लोगों ने भाग लिया प्रारंभ में कांग्रेस मध्यम वर्गीय शिक्षित वर्ग की आवाज थी बाद में कांग्रेस ने राष्ट्रीय मामलों को भी उठाना शुरू किया और महात्मा गांधी के नेतृत्व में देश को आजादी दिलाई इस पार्टी को पंडित जवाहरलाल नेहरू महात्मा गांधी लाल बहादुर शास्त्री इंदिरा गांधी आदि ने गौरवमई नेतृत्व प्रदान किया श्री निर्मल ने कहा कि आज वर्तमान परिस्थितियों में कांग्रेस की प्रासंगिकता बढ़ गई है जबकि समस्त विपक्षी पार्टियां चुप होकर बैठ गई हैं और कांग्रेस सड़क पर सभी वर्गों की लड़ाई लड़ रही है। इस मौके पर पार्टी के जिला अध्यक्ष अरुण कुमार विद्यार्थी उपाध्यक्ष आशीष मिश्रा एनएसयूआई के जिला अध्यक्ष अमित द्विवेदी आजाद वेद प्रकाश पांडेय जिला प्रवक्ता नरेंद्र कुमार सिंह बृजेश कुमार पांडेय अंकुर शुक्ला मानवाधिकार प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष जितेंद्र कुमार शर्मा राजकुमार नरेंद्र कुमार सिंह आविदा बेगम, भरत गौतम,मौजूद रहे कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व विधायक राम सजीवन निर्मल ने की।

स्थापना दिवस परसंबोधित करते पूर्व विधायक

चौपाल लगाकर चल रहे वरासत अभियान का लिया जायजा

कौशाम्बी। प्रमुख सचिव, दुग्ध विकास, मत्स्य समन्वय तथा पशुधन एवं जनपद के लिए नामित नोडल अधिकारी भुवनेश कुमार रविवार को सिराथू ब्लॉक के ग्राम पंचायत सौरई खुर्द में बने अस्थायी गौआश्रय केन्द्र में चौपाल लगाकर निर्विवाविद वरासत को खतौनी में दर्ज कराये जाने हेतु चल रहे विशेष अभियान के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त की। चौपाल में प्रमुख सचिव ने खतौनी से नाम पढ़कर वरासत के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर गावं में 21 व्यक्ति मृतक पाये गये जिसमें से 13 व्यक्तियों का वरासत खतौनी में नाम दर्ज हो गया है एवं शेष व्यक्तियों की जॉच प्रक्रिया चल रही है उनका भी खतौनी में नाम दर्ज हो जायेगा। इस पर नोडल अधिकारी ने संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को एक सप्ताह के अन्दर अभियान चलाकर वरासत को खतौनी में दर्ज कराये जाने का निर्देश दिया है। नोडल अधिकारी ने ग्रामीणों को सम्बोधित करते हुए कहा कि घर के मुखिया की मौत के बाद उसके नाम की सम्पत्ति का राजस्व रिकार्ड में वरासत को 13 दिन बाद दर्ज करा सकते हैं। उन्होने ग्रामीणों से कहा कि यह अभियान गांवो-गांवो में चलाया जायेगा जिसमें गैर विवादित वरासत दर्ज किये जायेंगे। उन्होने ग्रामीणों से कहा कि यदि किसी का भी खतौनी में नाम दर्ज नहीं है तो ऐसे लोग संबंधित लेखपाल एवं तहसीलदार से संपर्क कर अपना नाम खतौनी में दर्ज करा सकते है। नोडल अधिकारी ने सम्बन्धित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित करते हुए कहा है कि वरासत में नाम दर्ज कराने हेतु किसी भी प्रकार की लापरवाही या उदाशीनता क्षम्य नहीं होगी। इस अवसर पर जिलाधिकारी श्री अमित कमार सिंह, मुख्य विकास अधिकारी शशिकान्त त्रिपाठी, अपर जिलाधिकारी श्री मनोज, उप जिलाधिकारी राजेश कुमार श्रीवास्तव सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारीगण रहे।

चौपाल लगाकर जनता की समस्याओं को सुनते नोडल अधिकारी